# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–281 । सागर, शनिवार, 2 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



प्रतियोगिताओं में ब्लॉक के 56 दिव्यांग बच्चों ने दिखाये हुनर — पृष्ठ 2

▪ गोल्ड बॉन्ड बंद करने की जल्दबाजी न की जाए ▪ ललित जी और हरसिंगार के फूल — पृष्ठ 4

▪ टीकमगढ़ से लापता हुई तीनों छात्राएं मिलीं, उरई से पुलिस ने किया बरामद — पृष्ठ 6

जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गिरफ्तार — पृष्ठ 8


मप्र में मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी, कल आएंगे नतीजे

# डाक मतपत्र के परिणाम अंत तक नहीं रोके जाएंगे




▪ गिनती पूरी होते ही की जाएगी घोषणा
▪ 5 से 10 घंटे के बीच घोषित हो जाएंगे नतीजे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि प्रदेश में मतगणना के लिए सभी जरूरी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस बार डाक मतपत्र के परिणाम अंत तक नहीं रोक जाएंगे बल्कि इनकी गिनती पूरी होते ही इनके परिणाम घोषित होंगे।

उन्होंने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पहले डाक मतपत्र की गिनती होगी। 8 बजे से ईवीएम की गिनती शुरू हो जाएगी। सबसे पहले डाक मतपत्र की गिनती होते ही नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। प्रत्येक राउंड की गणना के बाद इसकी जानकारी प्रत्याशी या उसके एजेंट को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हर मशीन में ये किस उम्मीदवार को कितने वोट मिले हैं यह भी पोलिंग एजेंट को बताया जाएगा। स्ट्रांग रूम से मतगणना हाल तक मशीन पहुंचने के लिए विधानसभा क्षेत्र बार अलग-अलग रास्ते और व्यवस्था निश्चित की गई है जिसका सीसीटीवी कवरेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्विस वोट कल रात 8 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभाओं के लिए अलग-अलग हॉल बनाए गए हैं। सामान्यत: 14 टेबल एक विधानसभा के लिए लगाए जाते हैं, लेकिन कुछ विस ऐसी हैं जहां मतदान केंद्रों की संख्या बहुत ज़्यादा है। इसको देखते हुए कई विधानसभा क्षेत्र में 14 से ज्यादा टेबल केन्द्रीय चुनाव आयोग से अनुमति लेकर लगाए गए हैं। ताकि परिणाम जल्दी आ सकें। पांच से 10 घंटे के बीच में नतीजे आने की उम्मीद। काउंटिंग की लाइव वेब स्ट्रीमिंग नहीं होगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल प्रतिबंध रहेगा। फोटो खींचना और वीडियो बनाना भी प्रतिबंधित रहेगा। केकुलेटर पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि बिना पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। तीन तारीख तक सुबह पांच बजे तक किसी को भी पता नहीं रहेगा कि वो किस टेबल पर मतगणना करेगा। मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन 3 स्तर पर किया गया है। इसके साथ ही हर विधानसभा के लिए एक ऑब्जर्बर है जो जिलों में पहुंच चुके हैं। कोई भी ऐसा व्यक्ति, जिसको केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है, साथ ही केंद्र और राज्य के मंत्री, वर्तमान सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिक निगम के अध्यक्ष, केंद्र तथा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष एवं सदस्य, शासकीय प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य, आंगनवाड़ी कर्मचारी, शासकीय पैरामेडिकल स्टाफ, शासकीय संस्था अथवा शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था से मानदेय प्राप्त कर रहे या किसी शासकीय संस्था में अंशकालिक सेवाएं दे रहे व्यक्ति, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के डीलर्स और शासकीय सेवक मतगणना के लिए किसी भी अभ्यर्थी के एजेंट नियुक्त नहीं किए जा सकेंगे।

दर्शन के लिए जा रहे थे लोग

# वाहन ट्रक से टकराया, 8 की मौत



**क्योंझर, एजेंसी।** ओडिशा के क्योंझर जिले में एक वाहन के ट्रक से टकराने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। वहीं इस घटना में कई अन्य घायल भी हुए हैं।

यह घटना घाटगांव इलाके के बालिजोड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे 20 पर घटी। वाहन में सवार लोग मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इस घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक ने अस्पताल में दम तोड़ दी। घायलों में पांच का इलाज क्योंझर जिले के अस्पताल में जारी है। वहीं घायलों में से तीन को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती किया गया है।

गंजन जिले के पुदामारी से 20 लोग वाहन में सवार होकर देवी त्रारिणी की दर्शन के लिए जा रहे थे। यह घटना मंदिर से तीन किमी पहले घटी। ऐसा माना जा रहा कि चालक को झपकी आने की वजह से यह दुर्घटना घटी। पुलिस ने फिलहाल इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मणिपुर में दिनदहाड़े बैंक से लूटे 18 करोड़

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में पंजाब नेशनल बैंक चेस्ट से बदमाशों ने 18.80 करोड़ रुपए कैश लूट लिए। सभी लुटेरे नकाब पहनकर आए थे।

उन्होंने स्टॉफ को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद कैशियर से तिजोरी का ताला खुलवाकर पैसे लेकर भाग गए। यह घटना गुरुवार को उखरुल जिले में हुई। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। पीएनबी बैंक चेस्ट राजधानी इंफाल से लगभग 80 किमी दूर उखरूल शहर में स्थित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया,

**नकाब पहनकर आए बदमाशों ने स्टॉफ को बाथरूम में बंद किया**

30 नवंबर को दोपहर अत्याधुनिक हथियारों से लैस कुछ लुटेरे बैंक पहुंचे। उन्होंने बैंक के गार्ड्स को अपने कब्जे में ले लिया और स्टॉफ को बंदूक दिखाकर धमकाया। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों में से कुछ ने कैमोफ्लॉज ड्रेस पहनी थी। उन्होंने बैंक के कैशियर को बंदूक की नोक पर तिजोरी खोलने के लिए कहा और पैसे लूट लिए। फिलहाल उखरूल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा के लिए भी चर्चित रहा है। वहां पर अब तक 187 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए।

# ईडी अधिकारी 20 लाख रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ़्तार

**डिंडीगुल, एजेंसी।** तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय के एक अधिकारी को एक डॉक्टर से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अंकित तिवारी के रूप में हुई. नकदी के साथ उसके पास से केंद्रीय एजेंसी द्वारा जारी किया गया उसका एक आधिकारिक पहचान पत्र भी बरामद किया गया. उसके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति पांच साल से अधिक समय से ईडी के साथ काम कर रहा है. केंद्रीय एजेंसी में शामिल होने से पहले उसने बिग फोर अकाउंटिंग फर्मों में से एक में काम किया है.

सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय के सूत्रों ने कहा कि उन्होंने ईडी अधिकारी को उस समय रोका जब वह महाराष्ट्र से रजिस्टर्ड संख्या वाली कार में 20 लाख रुपये नकद ले जा रहे थे, जिसे उन्होंने रिश्वत का पैसा बताया गया. डीवीएसी टीम का नेतृत्व एसपी सरवनन ने किया.बताया जाता है कि जांच टीम चेट्टिनाकेनपट्टी के पास एक वाहन जांच कर रही थी. इसी दौरान उन्होंने नागपुर के एक नागरिक को ले जा रही एक कार को रोका. शक होने पर पुलिस ने कार जांच की. कार की तलाशी में 20 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई. मामले में कार जब्त करने के साथ ही अंकित को गिरफ्तार कर लिया गया है. बता दें कि केंद्रीय एजेंसी में प्रवर्तन अधिकारी के रूप में कार्यरत अंकित को चार महीने पहले ही नागपुर जोन से मदुरै जोन में स्थानांतरित कर दिया गया था. जांच से पता चला कि डिंडीगुल स्थित एक डॉक्टर के खिलाफ केंद्रीय एजेंसी की जांच लंबित थी।

डॉक्टर से संपर्क करने वाले अंकित ने कार्यवाही बंद करने के लिए 20 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की. वहीं मांग से परेशान होकर डॉक्टर ने डीवीएसी से संपर्क किया और स्थिति से निपटने के लिए उनकी मदद मांगी. डॉक्टर के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर डीवीएसी अधिकारियों ने अंकित को धर दबोचा जो 20 लाख रुपये लेकर यात्रा कर रहा था।


सुक्खू मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

# हिमाचल में पुलिसकर्मियों के 30 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित

**शिमला, देशबन्धु।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को पुलिसकर्मियों के 30 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने का फैसला किया और 1,226 पदों को भरने के लिए संशोधित मंजूरी भी दी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने पूह से काजा तक सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए 486.47 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को भी मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने अनाथों और समाज के कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना में कुछ और प्रावधान जोड़ने को भी मंजूरी दी। नए प्रावधानों के तहत, प्रत्येक अनाथ 27 वर्ष की आयु तक पॉकेट मनी के रूप में प्रति माह चार हजार रुपये प्राप्त करने का हकदार होगा।

## तृतीय पुण्यतिथि



## स्व. ललित सुरजन

( 22 जुलाई 1946-2 दिसम्बर 2020 )

*"मुझे इस बात पर बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है कि चैनल, अखबार और पत्रकार अपनी राजनैतिक सोच के अनुसार विचार प्रकट करें। यह तो उनका धर्म है। लेकिन जब दबाव या प्रलोभन में आकर वे इस या उस पक्ष की तरफदारी करते हैं तो पत्रकार धर्म के साथ बेईमानी करते हैं।"*

(देशबन्धु, 20 दिसम्बर 2018)

**देशबन्धु परिवार**
**पुण्य स्मरण करता है**

## भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ एफआईआर

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के 11 भाजपा विधायकों के खिलाफ इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा की परिसर में धरना के दौरान राष्ट्रीय गान का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री सोभोनदेब चटर्जी ने बताया कि शिकायत तृणमूल कांग्रेस की तरफ से दर्ज की गई है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में 29 नवंबर को टीएमसी विधायक पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र के भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ प्रदर्शन बंद करने से पहले बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे राष्ट्रगान गा रहे थे। टीएमसी ने आरोप लगाया कि इस दौरान करीबन 50 मीटर की दूरी पर भाजपा विधायक नारेबाजी करने के साथ घंटी बजा रहे थे।

## साहित्य अकादमी पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' आरंभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साहित्य अकादमी का वार्षिक पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में आरंभ हो गया जो नौ दिसंबर तक चलेगा। यह पुस्तक मेला साहित्य अकादमी परिसर में नौ दिसंबर तक खुला रहेगा। इस बार पुस्तक मेले में 40 से अधिक महत्वपूर्ण प्रकाशक शामिल हो रहे हैं। 'पुस्तकायन' पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ ही कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लगभग 50 लेखक, कलाकार शामिल हो रहे हैं।




# बीकेपी महाविद्यालय में मनाया गया विश्व एड्स साक्षरता दिवस



**देवरीकलां, देशबन्धु।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के तत्वाधान में पूरे विश्व में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है, उसी तारतम्य में बीकेपी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने महाविद्यालय में विश्व एड्स साक्षरता दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक डॉ. अवनीश मिश्रा ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जंतु विज्ञान व्याख्याता आरती मेहरा ने एड्स के लक्षण, बचाव आदि पर विस्तृत व्याख्यान दिए। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय द्विवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी क्रम में महाविद्यालय संचालक डॉ. अवनीश मिश्रा ने एड्स विषय पर जानकारी देते हुए प्रमुख लक्षण, एड्स फैलने के तरीके एवं बचाव पर विस्तृत बात रखी, डॉ. मिश्रा ने आगे बताया कि एड्स के बचाव एवं इलाज का सर्वप्रथम उपाय हमारा नैतिक जीवन व चरित्र है जिसके बल एवं संयम से ही एड्स को रोका जा सकता है। तत्पश्चात एड्स प्रतीक चिन्ह की आकृति में स्टाफ सहित सभी विद्यार्थियों द्वारा एड्स साक्षरता व जागरूकता की शपथ ली गई। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र भटेले ने एवं आभार सुनील दुबे ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी संतोष तिवारी एवं अंजू पाठक सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिताओं में ब्लॉक के 56 दिव्यांग बच्चों ने दिखाये हुनर

### बच्चों को स्टील डिब्बा, पैकेट में छह पूड़ी सब्जी और किराया तीस रूपये मिलें



**शाहगढ़, देशबन्धु।** किसी दिव्यांग बच्चे ने मैदान में दौड़ लगाई, तो किसी ने धरा को आकर्षक रंगों से सजाया। कुछ बच्चों ने कागज की शीट पर रंग बिरंगे चित्र उकेरकर अपनी प्रतिभा के हुनर दिखाए। ये सब शुक्रवार को विश्व दिव्यांगता दिवस अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा ब्लॉक के दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान देखने को मिला। आजीविका मिशन परिसर में आयोजित नींबू रेस, चेयर रेस, दौड़, रंगोली, चित्रकला, गायन, मेंहदी सहित अन्य प्रतियोगिताओं में ब्लॉक के 56 बच्चों ने सहभागिता की, बजट का अभाव रहा विभाग द्वारा करीब दस हजार रूपए व्यय की गई अल्प राशि में संपन्न हुई प्रतियोगताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले 56 दिव्यांग बच्चों को स्टील के टिफिन डिब्बा से पुरस्कृत किया गया, वही भोजन पैकेट में छह पूड़ी सब्जी, एक मीठा सहित किराये के तीस रूपये दिए गए। बीआरसी संगीता गर्ग ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। यह बातें आज दिव्यांग बच्चों को देखकर कही जा सकती है। इन्होंने सामान्य बच्चों की भांति अद्भुत प्रतिभा छिपी हुई है। यदि इन्हें उचित मंच मिले तो निश्चित ही यह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि इन बच्चों को सामान्य वातावरण में सामान्य बच्चों के साथ पढ़ने लिखने एवं खेलने का मौका दे। जिससे यह बच्चे भी देश के लिए बेहतर नागरिक के रूप में तैयार हो सके। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालयों में नामांकित 56 दिव्यांग बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान कुर्सी दौड़ में कृष्णा विश्वकर्मा प्रथम, कल्पना द्वितीय प्रथम स्थान कृष्णा विश्वकर्मा रहे। 100 मीटर दौड़ दृष्टिहीन बच्चों में कल्पना प्रथम, मनीषा यादव द्वितीय रहे। 50 मीटर दौड़ में नरेंद्र प्रथम, दुर्गेश द्वितीय व बृजकिशोर तृतीय रहे। नृत्य में बंदना पटेल प्रथम, गायन में कलावती प्रथम, राजुल द्वितीय एवं लीलावती तृतीय रहीं। नींबू चम्मच दौड़ में कृष्णा विश्वकर्मा प्रथम, लश्मी अदावन द्वितीय एवं नारायण यादव तृतीय रहे, मेंहदी में प्रीति प्रथम, रोशनी द्वितीय, रंगोली में मनीषा आदिवासी प्रथम, भगवाई अहिरवार द्वितीय, निशा लोधी तृतीय, चित्रकला में अंकित बंसल प्रथम, राजा रजक द्वितीय, बृजेश पटेल तृतीय स्थान पर रहे। जिन्हें स्टील डिब्बा के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीएसी, बीजीसी, जनशिक्षक और सभी शालाओं के प्रभारी सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# मतदान में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों का मानदेय का हुआ भुगतान

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों का मानदेय का भुगतान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के द्वारा शुक्रवार को किया गया। कलेक्टर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन में संलग्न 8962 अधिकारी कर्मचारियों का 87 लाख 46 हजार 500 रूपए का भुगतान किया गया है साथ में 23 लाख 14 हजार 800 रू का भुगतान मतदान में संलग्न अधिकारी कर्मचारी की भोजन व्यवस्था का किया गया है इसी प्रकार माइक्रो आब्जर्वर का मानदेय का भुगतान भी किया गया है। विधानसभा निर्वाचन में पीठासीन अधिकारी को 1400 रूपए मानदेय भुगतान एवं 300 रूपए भोजन का मानदेय, पोलिंग अधिकारी क्रमांक 1 को मानदेय 1000 भोजन के 300 पोलिंग अधिकारी क्रमांक 2 को 750 रुपया एवं भोजन के 300 इसी प्रकार पोलिंग अधिकारी नंबर तीन को 750 रुपया एवं भोजन की 300 का भुगतान संबंधों की बैंक खाता में किया गया है। इसी प्रकार 248 माइक्रो आब्जर्वर को 2 लाख 48 हजार मानदेय भुगतान किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी ने समस्त विधानसभा निर्वाचन 2023 में संलग्न अधिकारी कर्मचारी से कहा कि अपने-अपने बैंक खाता में मिलान कर लें और यदि किसी भी कारणवश उनके खातों में राशि नहीं पहुंचती है तो वह तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय में आकर संपर्क करें।

# महापुरुषों के अपमान करने वालों पर कार्यवाही जरूरी, जिससे इसकी पुनरावृत्ति न हो: शैलेष केशरवानी

**गौर प्रतिमा पर जूते पहनकर माल्यार्पण करने वाली कुलपति एवं प्रभारी कुलसचिव को पद से हटाने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भेजा शिकायती पत्र**

**सागर, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष केशरवानी ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता एवं प्रभारी कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय के खिलाफ कार्रवाई के लिये राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को शिकायती पत्र ईमेल किया है। दोनों को पद से हटाने की मांग उन्होंने की है। केशरवानी ने कहा जूते पहनकर गौर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने और शहरवासियों की भावनाएं आहत करने के बावजूद पिछले 6 दिनों से विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता एवं प्रभारी कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय माफी मांगने को तैयार नहीं हैं। उल्टा डॉ. गौर के सम्मान में आवाज उठा रहे विद्यार्थियों पर कार्यवाही करने की तैयारी करा रहे हैं। परंतु उन्हें पता नहीं है इस विश्वविद्यालय से 30 लाख विद्यार्थी डिग्री लेकर निकले हैं। डॉ. गौर के उन सभी के साथ-साथ हम सभी शहरवासियों, बुंदेलखंड वासियों के लिए पूज्यनीय हैं। अगर किसी विद्यार्थी के ऊपर कारवाई होती है तो विश्वविद्यालय प्रशासन को यह बहुत महंगा पड़ेगा। हम सभी डॉ. गौर के सम्मान में आवाज उठाने वाले विद्यार्थियों के साथ खड़े हैं। मेरा किसी व्यक्ति विशेष से कोई विरोध नहीं है। परंतु डॉ. गौर के सम्मान में कमी नहीं आने देंगे अगर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति और प्रभारी कुलसचिव माफी नहीं मांगते हैं तो अब दिल्ली तक में प्रदर्शन करने का काम किया जायेगा। इस संबंध में मैंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। उनसे मांग की है कि सागर सपूत, बुंदेलखंड को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले महापुरुष, देव तुल्य डॉ. हरी सिंह गौर का अपमान करने वाली कुलपति एवं प्रभारी कुलसचिव को पद से हटाने की कृपा करें। जिससे भविष्य में कोई भी डॉ. गौर सहित देश के अन्य महापुरुषों के अपमान करने का न सोचे। उन्हें पद से हटाना इसलिए भी जरूरी है ताकि डॉ. गौर के सम्मान के खिलाफ ऐसे कृत्य की भविष्य में पुनरावृत्ति न हो।

# लड्डू भंडार, मूंगफली गुड़ पट्टी विक्रय दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए मूंगफली गुड़ पट्टी एवं लड्डू के नमूनें जांच हेतु लिए हैं। कार्यवाही में पुराना थाना स्थित गणेश लड्डू भंडार का निरीक्षण किया। मौके पर विक्रय हो रहे चिक्की, मूंगफली गुड़ पट्टी एवं तिली गुड़ लड्डू के नमूनें जांच हेतु लिए। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण की कार्यवाही में मौके पर फूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ठ रूप से परिसर में लगी हुई पाई गई।

# मतगणना केन्द्र में केलकुलेटर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा, केवल पासधारक ही प्रवेश कर सकेंगे

**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। बैठक में 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना की व्यापक तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतगणना केन्द्र पर पासधारक ही प्रवेश कर सकेंगे। किसी भी अनाधिकृत और अवांछित व्यक्ति को मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना केन्द्र में मोबाइल और केलकुलेटर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा, सिर्फ मतगणना कराने में तैनात मतगणनाकर्मी ही केलकुलेटर का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन से जुड़ी सभी सूचनाएं प्रेक्षकों, राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों, मीडिया और जनसामान्य को देते रहें, जिससे किसी भी प्रकार की असत्य या भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न हों। किसी भी प्रकार की संवादहीनता की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। उप निर्वाचन आयुक्त ने प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों से वन.टू.वन चर्चा कर जिले में मतगणना के लिये की गई तैयारियों की सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट की गिनती की पूरी प्रक्रिया में सारे नॉर्म्स एवं प्रोटोकॉल्स का अक्षरश: पालन करें। पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू करने के आधा घंटा पश्चात ही ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ की जाए। ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिये मतगणनाकर्मियों और माइक्रो ऑब्जवर्स को प्रशिक्षित करें। मतगणना स्थल की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर कमी न रहे। मतगणना केन्द्र में सीसीटीव्ही कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। मतगणना प्रक्रिया की शुद्धता पर कोई संदेह या गफलत नहीं होनी चाहिए।

# पांच दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण का समापन



**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** नगर के महिला बालविकास कार्यालय में चल रहे पांच दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। उक्त प्रशिक्षण शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा बाल विकास परियोजना गढ़ाकोटा अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा ईसीसीई का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा था जिसका शुक्रवार को समापन किया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 03 वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चों को खेल-खेल गीत गायन के माध्यम से बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा एवं प्रारंभिक देखभाल के संबंध में प्रशिक्षित किया गया उक्त प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के प्रशिक्षक अमित कुमार, सुनील कुमार, सत्यप्रकाश द्विवेदी एवं आयुषी शर्मा द्वारा दिया गया उक्त प्रशिक्षण परियोजना अधिकरी शीतल पटैरिया के मार्गदर्शन में किया गया एवं परियोजना गढ़ाकोटा से राजेश्वरी चौबे, स्नेहलता जैन, प्रियंका सेन एवं बबीता भदौरिया द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# डाक मतपत्र की गणना के लिए अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना 3 दिसंबर को निर्धारित है। डाक मतपत्र गणना हेतु द्वितीय प्रशिक्षण आज दोपहर 12 बजे से 02.30 बजे तक पद्माकर सभागार मोतीनगर चौराहा में दिया जाएगा। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को इस प्रशिक्षण में निर्धारित स्थल एवं तिथि पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है। प्रशिक्षण स्थल पर ही अधिकारियों कर्मचारियों को मतगणना ड्यूटी आदेश एवं परिचय पत्र प्रदान किये जावेंगे।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



**राहतगढ़, देशबन्धु।** नगर परिषद में पदस्थ कर्मचारी गीता सारवन के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिकारी, कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस मौके पर सीएमओ आरसी अहिरवार, हेमराज कोरी, सुनील विश्वकर्मा, सनी जैन, मनोज तिवारी सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद थे।

# टेबुलेशन की कॉपी प्रत्याशियों व मीडिया सेन्टर को उपलब्ध कराई जाएगी

सागर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन की मतगणना शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना 14-14 टेबिलो पर की जाएगी। इन टेबिलो पर अभ्यर्थीवार प्राप्त हुए मतो की गणना के उपरांत एक जाई टेबुलेशन की प्रतियां संबंधित विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों और मतगणना परिसर में बनाए गए मीडिया सेन्टर को उपलब्ध कराई जाएगी ताकि अभ्यर्थीवार प्राप्त होने वाले मतो की राउण्डवार जानकारी मीडिया को प्राप्त होने पर उसे सर्वत्र प्रसारित किया जा सकें।

# मुख्य मार्गो पर विचरण कर रहे 19 पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार शहर के मुख्य मार्गो पर विचरण कर रहे 19 पशुओं को पकड़कर सीहोरा गौशाला भेजा गया। निगमायुक्त ने डेयरी विस्थापन दलों को निर्देश दिये है कि डेयरी विस्थापन के कार्य में तेजी लायें जिन स्थानों की डेयरी शहर से बाहर शिफ्ट की जाना है, वहां पर पुलिस बल के साथ डेयरी विस्थापन की कार्यवाही करें। अगर इस कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न हो तो तत्काल अवगत करावे। डेयरी विस्थापन की कार्यवाही के साथ-साथ प्रतिदिन अधिक से अधिक आवारा पशुओं को पकडने की कार्यवाही करें। कार्यवाही के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया एवं दल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण कल

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण 3 दिसम्बर रविवार सुबह 10 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन सागर में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 10 से 12 नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जायेगा और प्रशिक्षण डॉ. विवेक विक्कू तिवारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के मुख्य अतिथ्य में दिया जायेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 बर्षो में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

### विशेष न्यायालय एमपी, एमएलए कोर्ट का फैसला

# विधायक प्रदीप लारिया समेत चार नेताओं को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

**सागर, देशबन्धु।** विशेष न्यायालय एमपी, एमएलए भोपाल ने जिले के मकरोनिया में 18 अक्टूबर 2018 को चक्काजाम और पथराव के मामले में आरोपी बनाए गए विधायक प्रदीप लारिया समेत चार नेताओं को आरोप सिद्ध न होने पर दोषमुक्त कर दिया है। न्यायाधीश विधान माहेश्वरी की अदालत ने यह फैसला शुक्रवार को सुनाया है। बताया गया कि पांच साल पहले मकरोनिया थाना क्षेत्र में जैन समाज के युवक आशीष जैन का मर्डर हो गया था। इसके बाद समाज के लोगों और अन्य नागरिकों ने शवयात्रा के दौरान तोड़फोड़, पथराव और चक्काजाम भी किया था। इस मामले में भाजपा के नरयावली विधानसभा से विधायक प्रदीप लारिया, भाजपा नेता रहे मुकेश जैन ढाना अब आम आदमी पार्टी से सागर विधानसभा से प्रत्याशी, चक्रेश सिंघई समेत चार आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। इसमें कोर्ट ने सुनवाई के बाद विधायक लारिया, मुकेश जैन ढाना, चक्रेश सिंघई समेत चार आरोपियों को दोषमुक्त घोषित कर बरी कर दिया है।



# विश्व एड्स दिवस मनाया

**सागर, देशबन्धु।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में सागर शहर के हृदय स्थल तीनबत्ती पर तुमुल विहान सीएससी सागर के द्वारा रेड रिबिन बनाकर और मोमबत्ती जलाकर एचआईव्ही एड्स से जान गवाने वालो को श्रृद्धांजलि दी एवं याद किया गया। साथ ही एचआईव्ही के प्रति लोगो किया जागरूक व बताया जानकारी ही बचाव है।

# रिश्वत के आरोपी हवलदार और आरक्षक को सजा

### मारपीट के मामले को मजबूत बनाने के एवज में मांगी थी 15 हजार की रिश्वत

**सागर, देशबन्धु।** आपराधिक प्रकरण को मजबूत बनाने के एवज में रिश्वत लेने वाले पुलिस हवलदार आरोपी हाकिम सिंह को अदालत ने 4 साल के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं प्रकरण के पुलिस आरक्षक सह आरोपी अखिलेश निवारे को 3 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश आलोक मिश्रा की कोर्ट में हुई। मामले की पैरवी प्रभारी उप. संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद कुर्मी ने की। अभियोजन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि 27 दिसंबर 2017 को आवेदक हल्केभाई केवट ने पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त कार्यालय सागर में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि 7 दिसंबर 2017 को उसके ममेरे भाई कैलाश ने विनोद चढ़ार के विरुद्ध उसके साथ कुल्हाड़ी से मारपीट के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले के विवेचक हवलदार आरोपी हाकिम सिंह द्वारा उक्त प्रकरण को मजबूत बनाने और धाराएं बढ़ाने के एवज में 15 हजार की रिश्वत की मांग की जा रही है। वह रिश्वत नहीं देना चाहता है, बल्कि आरोपी को रंगे हाथों पकड़वाना चाहता है। शिकायत पर लोकायुक्त ने मामले की जांच कर साक्ष्य जुटाए। शिकायत की पुष्टि होने पर टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने आवेदक को एक पुलिस आरक्षक के साथ बाइक पर बैठाकर फोरलाइन एनएच.26 की ओर रवाना कर दिया। दूसरी बाइक से उनके पीछे गया। इनके पीछे लोकायुक्त की टीम गई। आवेदक व आरक्षक अखिलेश निवारे सिद्धी विनायक ढाबा के पास खड़े हो गए। थोड़ी दूरी पर आरोपी हाकिम सिंह भी अपनी बाइक रोककर खड़ा हो गया। कुछ समय बाद आवेदक ने पूर्व निर्धारित इशारा किया तो आरोपी हाकिम सिंह ने आरक्षक अखिलेश निवारे को रवाना कर दिया। इसी दौरान लोकायुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी हाकिम सिंह को घेरे में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसके कहने पर आवेदक ने रिश्वत की राशि सहआरोपी आरक्षक अखिलेश को दी थी। जिसे उसने थाना सुरखी के लिए रवाना कर दिया। जिसके बाद टीम ने सुरखी पहुंचकर आरक्षक अखिलेश को पकड़ लिया। रिश्वत की राशि 6 हजार रुपए जब्त की गई। मामले में लोकायुक्त ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जांच पूरी होने पर न्यायालय में चालान पेश किया।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर दुष्कृत्य करने वाले अभियुक्त अश्विन मंडल को 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता की मां ने 3 मार्च 2022 को थाना सानौधा में रिपोर्ट लेख कराई कि 2 मार्च 2022 को रात 10 बजे वह और उसके बच्चे खाना खाकर सो रहे थे। पीड़िता बालिका उसके साथ सो रही थी 3 मार्च 2022 को वह सुबह 6 बजे सोकर उठी तो उसकी बालिका नहीं थी उसने सोचा कि वह निस्तार के लिये गई होगी लेकिन बहुत देर तक बालिका नहीं आई तो उसने बालिका की तलाश आस-पास की लेकिन कोई पता नहीं चला किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, एवं बालिका को दस्तयाब कर उसके कथन लेख किये गये, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

# सार समाचार

## 4 फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने चार फरार आरोपियों को पकड़वाने या सूचना देने के संबंध में नगद पुरस्कार घोषित किया है। बताया गया है कि इन फरार आरोपियों में छोटे राजा उर्फ हरीप्रताप सिंह पिता मधुकर देव सिंह उम्र 28 साल निवासी राजा मार्केट राजनगर, सनी उर्फ सत्यम पिता बल्लन उर्फ देवेन्द्र नामदेव उम्र 24 साल निवासी माली मुहल्ला राजनगर, अजय पिता सुरेश रैकवार उम्र 20 साल निवासी ढिमरोला मुहल्ला राजनगर शामिल हैं। इन सभी पर तीन-तीन हजार रूपए तथा एक अज्ञात आरोपी पर दस हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

## मिशन अस्पताल के पास दुकान से चोरी

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत महोबा रोड स्थित मिशन अस्पताल के पास सुनील साहू की नगर पालिका द्वारा दी गई गुमटी दुकान के ताले तोडकर चोर दुकान में रखा एक रसोई गैस सिलेंडर सहित कई सामान चुराकर ले गये हैं। जानकारी के अनुसार रात में सुनील दुकान बंद करके घर चला गया। सुबह उसे सूचना मिली कि उसकी दुकान के ताले टूटे पडे हैं। सूचना मिलते ही वह दुकान पर पहुंचा। उसने बताया कि चोर दुकान से करीब 20 हजार का सामान चुराकर ले गये हैं। बताया गया है कि पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट न लिखकर उसे थाने से भगा दिया है।

## युवक की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** महोबा रोड फोरलेन हाइवे के पुल से एक युवक का शव लटका पाया गया है। संदिग्ध हालातों में मिले शव का पोस्टमार्टम कराके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। टौरिया मोहल्ला निवासी नीरज कोरी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता घनश्याम कोरी रात करीब 8 बजे घर से गये थे। अगले दिन उसकी गुमशुदगी की सूचना थाने में दी गई। बाद में उनका शव पुल से लटका मिला है। उनके सिर में गंभीर चोट के निशान पाये गये हैं। नीरज ने पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर जांच में तेजी आयेगी। पुलिस विवेचना में लगी है।

## चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए किया भूमि पूजन, 20 से होगा यज्ञ



**छत्तरपुर, बक्सवाहा, देशबन्धु।** नगर के बस स्टैंड अटल भवन के सामने 20 दिसंबर से 23 दिसंबर तक होने वाले चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया है। पूजन पीठ पर नगर पालिका अध्यक्ष किरण बृजगोपाल सोनी के द्वारा पूजन किया गया। दमोह से पधारे संभागीय प्रभारी पं महेश बादल, जिला समन्वयक पं बीपी गर्ग ने पूजन को करते हुए बताया कि यज्ञ के पूर्व भूमि पूजन यज्ञ स्थल की भूमि के कुसंस्कार हटाने एवं संस्कार जगाने के लिए होता है। इस अवसर पर यज्ञ की धर्म ध्वजा फहराई जाती है जिसका अर्थ होता है कि यह भूमि यज्ञ संपन्न होने तक साफ एवं स्वच्छ रखते हुए पवित्रता बनाई रखी जाए। दमोह से पधारे व्यवस्थापक पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने संक्षेप में गायत्री परिवार के संस्थापक पं श्रीराम शर्मा आचार्य गायत्री परिवार का जीवनवृत बताते हुये कहा कि उन्होंने अखंड ज्योति पत्रिकाओं मे जो समय समय भविष्यवाणी की है वह क्रमशः देखने मे आ रही है। जैसे आने बाले समय में जातियों का भेदभाव खत्म होगा, भारत पुनर्विश्व गुरू बनेगा।

कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोती यादव, पं. राजकिशोर तिवारी, संजय दुवे, सुरेंद्र प्रजापति रमेश जमींदार, महेन्द्र साथी, राजेश खरे, पार्षद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी, जगदीश नापित, की उपस्थिति रहे। अंत में आभार प्रदर्शन बकस्वाहा गायत्री परिवार शाखा के कार्यवाहक रधुवीर प्रसाद सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेश खरे ने किया। कार्यक्रम में दमोह से युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र तिवारी, मीडिया प्रभारी सुरेश नामदेव, महिला अभियान प्रभारी चंद्रकांता खरे, सुधा गुप्ता, अनीता नामदेव, इंदुलता खरे, आशी गुप्ता एवं लखन शुक्ला उपस्थित रहे।

### कलेक्टर बंगले के बगल से पुराने पन्ना नाका क्षेत्र में सुबह से शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की मुहिम

# हाइवे किनारे सालों से जमे अतिक्रमण को हटाया, दुकानदारों को दी नई जगह





**छतरपुर, देशबन्धु।** पुराने पन्ना नाका क्षेत्र मे कलेक्टर बंगले से सटई रोड के मोड तक हाइवे के किनारे बेशक़ीमती सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके रखी गई करीब तीन दर्जन से अधिक दुकानों को शुक्रवार को सुबह हटाया गया है। बिना किसी विरोध के अतिक्रमण हटाने के बाद सभी दुकानों को पास में ही नई जगह पर रखवाया गया है।

कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर चलाये गये इस अतिक्रमण हटाओ अभियान में एडीएम नमःशिवाय अरजरिया, एसडीएम बलबीर रमण, सीएसपी अमन मिश्रा, नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा, सिविल थाने के टीआई कमलेश साहू, आरआई, पटवारी, नगर पालिका का मदालखत दस्ता और बडी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सुबह करीब 7 बजे जब यह कार्यवाही आरंभ की गई तब घना कोहरा छाया था और बारिश की बूंदों की तरह ओस बरस रही थी। मौसम की बेरूखी की परवाह किये बिना अधिकारी क्रेन और जेसीबी मशीनों के साथ नगर पालिका का मदालखत दस्ता हाइवे किनारे कई सालों से जमे अतिक्रमण को हटाने जा पहुंचे। इस कार्यवाही को देखने के लिये बडी संख्या में राहगीर वहां कौतुहलवश जमा हो गये। यहां रखी गुमटियो के संचालकों को जैसे ही इस अभियान की जानकारी मिली तो वे भी दौडे दौडे मौके पर आ गये।

बिना किसी विरोध के दुकानदार मदालखत दस्ते की मदद से अपनी गुमटियों में रखे सामान को निकालने में जुट गये। करीब दो घंटे के अंदर वहां से पूरा अतिक्रमण हटा दिया गया। किसी भी दुकानदार का कोई भी सामान जब्त करने की नौबत नही आई। पुलिस और प्रशासन को इस दौरान किसी भी तरह के विरोध का सामना नहीं करना पडा और बिना बल का प्रयोग किये सभी के सहयोग से हाइवे किनारे से सालों से जमे अतिक्रमण को हटाने की मुहिम पूरी कर ली गई। प्रशासन के सूत्रों की मानें तो अतिक्रमण हटाकर खाली कराई गई इस सरकारी जमीन पर पैदल राहगीरों के चलने के लिये फुटपाथ निर्माण, पौधरोपण कराके सौंदर्यीकरण कराया जायेगा।

जब अतिक्रमण हटाया जा रहा था तो दुकानदारों को ये कहते सुना गया कि उन्हें न तो प्रशासन ने कोई नोटिस दिया, न अपनी दुकानों से सुरक्षित तरीके से सामान निकालने के लिये जरा भी समय दिया है। अचानक से ये कार्यवाही कर देने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

वहीं नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि कई दिन पहले यहां के सभी दुकानदारों को नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिसे दिये थे। गुरूवार की सायंकाल यहां माइक से एनांउंसमेंट कराके दुकानदारों को अपना अपना अतिक्रमण स्वतः हटाने की चेतावनी भी दी गई थी। मगर सभी ने इसे हल्के में लिया। अंततः प्रशासन ने अपनी ओर से कार्यवाही समय से पूरी कर ली है।

### अतिक्रमण हटाकर दुकानें की विस्थापित

पुराने पन्ना नाका क्षेत्र में कलेक्टर बंगले के बगल से सटई रोड के मोड तक कई सालों से हाइवे के पास बेशकीमती और जनोपयोगी जमीन पर अतिक्रमण करके रखी दुकानों को पहटाकर पास में ही एक सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करा दिया है। ये वही स्थान है जहां तीन साल पहले अंबेडकर मूर्ति के सामने लगने वाले सब्जी बाजार को हटाकर सब्जी विक्रताओं का विस्थापित किया गया था। उस मैदान में आज सुबह से लाइनिंग कराके प्रशासन ने अतिक्रमण के दायरे मे आने वाली दुकानों को उठवाकर नया स्थान दिया है। इस कारण दुकानदारों ने भी किसी तरह से विरोध नही किया और मुहिम का समर्थन करके नये स्थान पर अपनी दुकानें जमा ली हैं। लोगों का कहना था कि जनहित में प्रशासन की ये मुहिम सही है। इससे हाइवे पर आवागमन सुचारू होगा और दुर्घटनाओं से अनहोनी भी नहीं होगी। इसी तरह बिजावर नाका, सागर रोड पर विराज गार्डन के आगे कई दुकानों के सामने हाइवे तक जमाये गये अतिक्रमण को हटाना भी जरूरी है।

# दिसम्बर के दूसरे सप्ताह से बढ़ेगा ठंड का असर, शुरू होगी कंपकंपाने वाली ठंड



**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** बेस्टर्न डिस्र्टेवेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ चक्रवात और टर्फ लाईन होने के कारण समूचे मध्य प्रदेश में बारिश की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री दर्ज हुआ। आगामी 8-9 दिसम्बर को एकबार फिर समूचे मध्य प्रदेश सहित छतरपुर जिले और नौगांव में हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की गयी है और जैसे ही दूसरा पखवाड़ा इस बारिश के बाद गुजरेगा। आगामी 10-11 तारीख से वैसे ही ठंड का असर संपूर्ण मध्य प्रदेश में तो बढ़ेगा ही लेकिन सबसे अधिक ठंड का असर मध्य प्रदेश के ग्वालियर, चंबल, पचमढ़ी, छतरपुर में अन्य शहरों की अपेक्षा ज्यादा देखा जायेगा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाये। यहां उत्तरी हवायें सीधी आती है वहीं पहाड़ी और हरियाली इलाका है इस वजह से मध्य प्रदेश में यह शहर दिसम्बर के मध्य से अपेक्षाकृत मध्य प्रदेश के अन्य शहरों की अपेक्षा ज्यादा ठंडे रहने संभावना व्यक्त की गयी है। मध्य प्रदेश में दिसम्बर माह में पचमढ़ी, ग्वालियर और चंबल संभाग, छतरपुर जिले में खजुराहो और नौगांव सबसे ठंडे शहरों मे गिने जाते है बीते दिनो अगर बारिश की बात की जाये तो नौगांव में आधा इंच के करीब मावट गिर चुका है। इससे दिन में ठंड का असर ज्यादा देखा जायेगा अपेक्षाकृत क्योकि बादलो का डेरा बना हुआ मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसम्बर की शुरूवात बारिश से ओर आगामी 8-9 तारीख तक यही हालात बने रहेगे। वैसे भी दिम्सबर माह में पश्चिमी विक्षोभ का स्ट्रांग सिस्टम आते है उत्तरी हवाये आते ही दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज होती है और पहाड़ो पर बर्फबारी शुरू हो गयी है अगर ज्यादा होती है। उत्तरी हवायें चलने से मध्य प्रदेश के ग्वालियर, चंबल, खजुराहो और नौगांव, पचमढ़ी प्रदेश के अन्य शहरों की अपेक्षा ज्यादा ठंडे रहेगे।

## कृषि उपज मंडी में होने लगी जिंस की नीलामी



**नौगाँव, देशबन्धु।** किसानों को अपनी उपज की नीलामी का फायदा कृषि उपज मंडी में नीलामी से होने लगा है। मंडी में नीलामी न होने की जब प्रकाशित की गई तब मंडी प्रशासन सक्रिय हुआ। इसके बाद आदेश निकालकर सभी ब्यपारियों और किसानों से आग्रह किया कि नीलामी में माल मंडी परिसर में लाये और बोली लगाने पहुचें। मंडी सचिव ममता वर्मा द्वारा गल्ला मंडी में घूमकर निरीक्षण कर ब्यपारियो को हिदायत दी गई कि नीलामी के पहले किसानों के माल की कोई तौल नही करेगा।

अगर कोई तौल करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। मंडी में नीलामी शुरू हो जाने से अब किसान अपना माल लेकर मंडी पहुच रहे हैं। इससे मूगफली के सीजन में किसानों को लाभ मिल रहा है।

# मार्कफेड गोदाम में घुसकर किसानों ने यूरिया की बोरियों पर किया कब्जा



- **नाराज किसानों ने किया गोदाम पर हंगामा**

**हरपालपुर, देशबन्धु।** मावठ की बारिश के बाद खेतों में अचानक यूरिया की मांग बढ़ जाने से किसानों के सामने यूरिया का संकट खड़ा हो गया है। घंटो लाइन में लगने के बाद भी यूरिया न मिलने से परेशान किसानों ने मार्कफेड गोदाम के अंदर घुसकर यूरिया की बोरियों पर कब्जा कर लिया। बाद में अधिकारियों के समझाने और सही तरीके से यूरिया का वितरण कराने और किसान मान गए।

जिला प्रशासन के लाख दावों के बावजूद जिले में खाद का संकट दूर नहीं हो पा रहा है। अभी किसानों के समाने डीएपी खाद का संकट था अब महीन दाने का यूरिया भी न मिलने से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। खाद के लिये किसान दर दर भटक रहे हैं। गुरुवार को मावठ की बारिश के बाद किसान सरसेड़ रोड़ स्थित मार्कफेड गोदाम पर यूरिया खाद लेने पहुंचे। यहां किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद टोकन पर्ची दी गई। इसके बाद मार्कफेड गोदाम पर खड़े खड़े लंबे इंतज़ार के बाद जैसे ही उन्हें महीन दाने के यूरिया का स्टॉक होने बावजूद मोटे दाने का यूरिया दिया जाने लगा तो किसानों का पारा चढ़ गया। आधा सैकड़ा से अधिक किसान पतले दाने वाला यूरिया न मिलने से नाराज होकर वहां हंगामा मचाने लगे। किसानों का गुस्सा इतना बढ गया कि वे मार्कफेड गोदाम के अंदर घुस गये और यूरिया की बोरियों पर कब्जा करके बैठ गये और खुद ही यूरिया की बारियां अपने हाथों से निकालने लगे।

किसानों का हंगामा देखकर गोदाम प्रभारी द्वारा पुलिस बुला ली गई। हंगामे और यूरिया की बोरियों पर कब्जे की सूचना मिलते ही एसडीएम विशा मघवानी ने तहसीलदार संदीप तिवारी को तुरंत मौके पर भेजा। तहसीलदार द्वारा गोदाम कर्मचारियों को किसानों को महीन दाने के यूरिया का वितरण करने के निर्देश दिये गये इसके किसानों का गुस्सा शांत हो पाया। तब बडी मुश्किल से किसान माने और हालात बेकाबू होने से पहले काबू में आ सके। पुलिस ने अपने सामने किसानों को व्यवस्थित रूप से यूरिया का वितरण करवाया।

### किसानों ने लगाये पतले दाने की यूरिया न देने के आरोप

*ग्राम इमलिया निवासी किसान हल्के राजपुत ने आरोप लगाया कि वो सुबह 11 बजे से गोदाम पर यूरिया लेने के लिये खड़े है, पर यूरिया नहीं दिया जा रहा हैं। वहीं कई व्यापारियों और दलालों को 300 रुपया में यूरिया बेचा जा रहा है। भदर्रा निवासी किसान शंकर सिंह राजपूत ने बताया कि वे भी सुबह से यूरिया के लिये आ गए थे इसके बावजूद खाद नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना था कि इस बार किसानों के लिये मोटे दाने का यूरिया परेशानी का सबब बना है। किसानों ने बताया कि मोटे दाने का यूरिया खेत मे नहीं गलता हैं इसलिये वे इसे नहीं ले रहे हैं। वहीं गोदाम प्रभारी का कहना है कि मार्कफेड गोदाम में मोटे व महीन दाने का यूरिया स्टॉक होने के कारण किसानों को मोटे और महीन दाने के यूरिया की बोरियां बराबर मात्रा में दी जा रही है, लेकिन किसानों द्वारा मोटे दाने का यूरिया लेने से इंकार किया जा रहा है।*

# पुलिस की अनदेखी से रोज जाम से लोग परेशान

**हरपालपुर, देशबन्धु।** पुलिस की लापरवाही के कारण नगरवासियों को आए दिन जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में हर घंटे लग रहे जाम के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।

सड़क पर खड़े ठेलों व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए स्थानीय लोग कई बार थाना प्रभारी को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

गौरतलब है कि हरपालपुर नगर के बीच से गुजरे झाँसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ट्रैफिक व्यवस्था सही न होने एवं रेल्वे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने के कारण वाहन चालकों को पल-पल में जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

रेल्वे क्रॉसिंग पर फाटक बंद होने पर वाहन अपनी साइड में खड़े होकर गलत साइड में खड़े होने घंटो जाम लग जाता है। फाटक पर आड़े तिरछे वाहन खड़े होने वाले वाहनों पर कोई कार्यवाही न होने से घंटो जाम लगा रहता है। जाम निपटने के लिए पुलिस द्वारा रेल्वे क्रॉसिंग पर वाहन साइड से चले इसके लिए बैरिकेट लगाए थे, इन्हें हटाते ही फिर से जाम की स्थिति निर्मित हो गई हैं। मैन रोड़ बाजार में लगने वाले इस जाम का एक कारण सड़क पर खड़े होने वाले फुटकर विक्रेता भी है। जो ठेलों को लेकर सड़क के दोनों ओर खड़े हो जाते है। सड़क पर खड़े होने वाले इन चाट व सब्जी के ठेलों के कारण बड़े वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और जाम लग जाता है। सड़क पर खड़े होने वाले ठेला संचालकों को व्यवस्थित करने के लिए रहवासियों कई बार थाना पुलिस से शांति समिति बैठक में कह चुके है, लेकिन अभी सड़क पर खड़े होने वाले ठेले वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### दुकानों के आगे खड़े रहते है ट्रैक्टर-ट्रॉली

नगरवासियों का कहना है कि सड़क पर खड़े होने वाले सब्जी व चाट-पकोड़ी के ठेलों के कारण आधी सड़क बंद हो जाती है। आसपास के गांवों से खरीदारी के लिए आने वाले ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क पर खड़ा करके चले जाते हैं। इससे रास्ता लगभग बंद हो जाता है और जाम लग जाता है।

# मतदान के समय सुरक्षा, कानून, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखें



**छतरपुर, देशबन्धु।** सागर संभाग के कमिश्नर एवं आईजी पुलिस मतदान व्यवस्था का निरीक्षण करके मतदान के समय सुरक्षा, कानून, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए है।

पुलिस अधीक्षक अमित सांधी द्वारा मतगणना स्थल की वाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी के लिए पुलिस बल दिशा निर्देश देकर मतगणना ड्यूटी की रिहर्सल की गई। अधिकारियों ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन मतगणना सफलता पूर्वक एवं निर्विघ्न संपन्न हो, शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने में लापरवाही न कि जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा मतगणना स्थल में ड्यूटी में लगे सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों को मतगणना स्थल पर फाइल-इन कर ड्यूटी संबंधी निर्देश दिए गए। ड्यूटी के सभी प्वाइंटों पर ड्यूटीरत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तैनात कर ड्यूटी की रिहर्सल की गई। इस दौरान कमिश्नर सागर संभाग डॉ वीरेंद्र सिंह रावत एवं आईजी सागर जोन प्रमोद वर्मा द्वारा आंतरिक एवं वाह्य सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था ड्यूटी में लगे सभी प्वाइंटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदीप जीआर, अपर कलेक्टर श्री नमः शिवाय अरजरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा सहित सभी एसडीओपी, सभी थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### मतगणना के लिये चाक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, तैयारियां को दिया अंतिम रूप

# मतगणना कक्ष में मोबाइल, सिगरेट, गुटखा प्रतिबंधित, सीसीटीवी से होगी निगरानी

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ 3 नवंबर को जिले की 6 विधानसभाओं के लिये ईव्हीएम में लांक मतों की गणना की जाना है। इसके लिये एक्सीलेंस स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 से लेकर एक्सीलेंस स्कूल के खेल मैदान मे व्यवस्था की गई है। मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी।*

*विधानसभा निर्वाचन के अन्तर्गत जिले की सभी 6 विधानसभाओं में 48 महाराजपुर, 49 चंदला अजा, 50.राजनगर, 51 छतरपुर, 52 बिजावर और 53 मलहरा के कुल 1587 मतदान केन्द्र के अंतर्गत हुये मतदान की गणना का काम अधिकतम 20 राउण्ड में पूर्ण होगा। 3 नवंबर को प्रात: 8 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय यानि एक्सीलेंस स्कूल छतरपुर में विधानसभाओं के लिये आवंटित पृथक पृथक 6 हॉल में मतगणना कराई जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर ने बताया कि मतगणना प्रकिया सीसीटीव्ही की निगरानी में की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर मोबाइल, वीडियो रिकार्डिंग डिवाइस या अन्य कोई भी तकनीकी उपकरण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगे। मतगणना कक्ष में माचिस, सिंगरेट, गुटखा, तम्बाकू, नुकीली वस्तु या हथियार पूर्णत: निषेध रहेगें। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग आफिसर के समक्ष नियुक्ति एवं पहचान पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही मतगणना स्थल पर अभिकर्ता को प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना हाल के अन्दर गोपनीयता भंग करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 3 माह कारावास एवं जुर्माना से दण्डित किया जायेगा।*

### अलग अलग टेबिलों पर होगी मतगणना

*जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर ने बताया कि प्रत्येक मतगणना कक्ष में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं प्रत्येक टेबिल पर उनके अधिकृत एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी पास प्राप्त व्यक्ति ऐजेन्ट के तौर पर प्रवेश पा सकेंगे। उन्होंने बताया ईव्हीएम टेबिलों की संख्या कमश: महाराजपुर के लिये 14, चंदला के लिये 14, राजनगर के लिये 16, छतरपुर के लिये 16, बिजावर के लिये 14 और मलहरा विधानसभा के लिये 14 होगी। इसी तरह पोस्टल बैलेट की गिनती के लिये बिजावर विधानसभा के लिये 1 और शेष 5 विधानसभा के लिये मतगणना 2 टेबिलों पर की जायेगी।*

### इस तरह से रहेगी पार्किंग व्यवस्था

*मतगणना वाले दिन सभी के लिये अलग अलग स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। गणना अभिकर्ता एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिये स्टेडियम ग्राउण्ड में वाहनों की पार्किंग रहेगी, ये सभी पुलिस लाईन रोड़ से स्टेडियम में प्रवेश कर सकेंगे। आरओ, एआरओ और सीएसपी के लिये पार्किंग एक्सीलेंस स्कूल के खेल मैदान में बनाई गई है। काउन्टिंग स्टाफ और पुलिस के लिये पार्किंग व्यवस्था हॉकी ग्राउण्ड में की गई है। शताब्दी हॉल कम्पाउन्ड में काउन्टिंग स्टाफ के लिये अतिरिक्त व्यवस्था रहेगी, यहां वाहनों का प्रवेश महाराजा कालेज मार्ग से होगा। इसी तरह मीडिया कर्मियों के लिये पार्किंग होमगार्ड कमान्डेन्ट आफिस परिसर में बनाई गई है।*

### विधानसभावार बनाई गई प्रवेश व्यवस्था

*जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर ने बताया कि विधानसभावार लीगों के प्रवेश की व्यवस्था बनाई गई है। विधानसभा छतरपुर, चंदला, महाराजपुर एवं राजनगर के लिये शासकीय उमावि क्रमांक 2 के गेट नंबर 1 से प्रवेश की व्यवस्था की गई है। इसी तरह विधानसभा बडामलहरा और बिजावर के लिये शा उमावि कमांक 1 के एंट्री गेट नंबर 2 से प्रवेश हो सकेगा। जिले के सभी मीडियाकर्मियों के लिये बैठक व्यवस्था शा उमावि कमांक 2 के परिसर में रहेगी एवं प्रवेश शासकीय उमावि कमांक 2 के गेट नंबर 1 से होगा। बताया गया है मीडियाकर्मी मोबाईल केवल निर्धारित मीडिया बैठक कक्ष तक ही ले जा सकेगें। आब्जर्वर के लिये बैठक व्यवस्था शा उमावि कमांक 2 के प्राचार्य कक्ष में रहेगी। प्रथम पक्ति में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों और दूसरी पक्ति में अन्य दल व निर्दलीय अभ्यर्थी के मतगणना अभिकर्ताओं को बैठने की व्यवस्था की गई है।*

# अभिमत

*सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को बंद करने की मांग की जा रही है। यह स्कीम बहुत महंगी है और इसने भारतीयों की वास्तविक सोने के लिए अतृप्त भूख में सेंध नहीं लगाई है। लेकिन ऐसा कोई भी फैसला जल्दबाजी और समय से पहले होने वाला साबित होगा। खासकर छोटे खुदरा निवेशकों को केन्द्र में रखते हुए गोल्ड बॉन्ड स्कीम को अधिक आक्रामक तरीके से बेचने की जरूरत है।*

## गोल्ड बॉन्ड बंद करने की जल्दबाजी न की जाए



डॉ.अजीत रानाडे

**डीमैट गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है।**

केंद्र सरकार ने 8 साल पहले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पेश किया था। उस समय से भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से बेचे जाने वाले इन बॉन्डों को समय-समय पर हर कुछ महीनों में बेचा जाता रहा है। अब तक ऐसी 62 किस्तें बेची जा चुकी हैं। प्रत्येक बॉन्ड की समयावधि 8 साल की है इसलिए पहली किस्त में बेचे गए बॉन्ड अपनी परिपक्वता तक पहुंच गए हैं। उन्हें वास्तविक नकदी के लिए भुनाया जा सकता है। सरकार बॉन्ड की वापसी स्वीकार करेगी और निवेशक के खाते में नकद रकम जमा करेगी। निवेशक इन बॉन्डों को पांच हजार रुपये (एक ग्राम के बराबर) या कुछ करोड़ रुपये (प्रति व्यक्ति 4 किलोग्राम सोने के बराबर) के रूप में खरीद सकते हैं।

इन बॉन्डों के कई फायदे हैं। पहला फायदा यह है कि वे डीमैट फॉर्म में हैं इसलिए पुराने किसान विकास पत्र या ऐसे अन्य किसी बॉन्ड के विपरीत किसी भी कागज को भौतिक रूप से रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरे, यह बॉन्ड सोने की वास्तविक इकाइयों का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए यह केवल डीमैट रूप में सोना खरीदने जैसा ही है। जिसका मतलब है कि जब आप बॉन्ड को भुनाते हैं तो यह वास्तविक सोने को भुनाने जैसा है। आपको सोने में मूल्य वृद्धि से लाभ होता है। सोने की कीमत दो कारणों से बढ़ जाती है। सोना तब महंगा होता है जब अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाज और बुलियन निवेशक एक सुरक्षित आश्रित साधन के रूप में इसे भारी मात्रा में खरीदना शुरू कर देते हैं। रुपये की डॉलर विनिमय दर में गिरावट के बावजूद भारत में सोने की कीमत बढ़ सकती है। गोल्ड बॉन्ड का तीसरा फायदा यह है कि इसे लोन के लिए समानान्तर साधन के तौर पर गिरवी रखा जा सकता है। चौथा लाभ यह भी है कि बॉन्ड की अंतिम बिक्री पर किए गए पूंजीगत लाभ को करों से छूट दी गई है। पांचवां लाभ यह है कि निवेशक को न केवल मूल्य में वृद्धि का दोगुना मूल्य वृद्धि लाभ मिलता है बल्कि सरकार द्वारा निवेशक को दिया 2.5 प्रतिशत ब्याज का टॉपअप भी मिलता है।

जब पहली किस्त के निवेशक अपने गोल्ड बॉन्ड को भुनाएंगे तो उन्हें 8 साल में सालाना 12 प्रतिशत से अधिक का कर लाभ होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि नवंबर 2015 में सोने की कीमत 2684 रुपये प्रति ग्राम थी जो अब दोगुने से ज्यादा बढ़कर करीब 6000 रुपये हो गई है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपया 33 फीसदी की गिरावट के साथ 62 से 82 पर आ गया है। इस प्रकार निवेशक ने पिछले आठ वर्षों में प्रति वर्ष लगभग 13.8 प्रति सैकड़ा के शेयर बाजार रिटर्न की तुलना में 8 वर्षों के लिए कर-बाद के आधार पर 12 प्रतिशत का शानदार वार्षिक लाभ कमाया है। यह ध्यान रखने वाली बात है कि सोने का रिटर्न जोखिम मुक्त है और शेयर बाजार में तेजी आई है तब भी सोने ने शानदार फायदा दिया है।

डीमैट गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है। यह सही है कि 2022-23 में सोने का आयात पिछले साल की तुलना में 24 फीसदी कम रहा और खर्च अब लगभग 40 अरब डॉलर है जो पहले की तुलना में कम है लेकिन सोने का आयात विदेशी मुद्रा पर के निकास का प्रतिनिधित्व करता है जो व्यापार घाटे वाले देश के लिए अच्छा नहीं है। डॉलर का निर्यात देश में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के शुद्ध लाभ को भी कम करता है।

सरकार को उम्मीद थी कि निवेशकों को काफी आकर्षक शर्तों पर गोल्ड बॉन्ड बेचकर वह कम से कम कुछ निवेशकों को तो वास्तविक सोने से दूर कर सकेगी। गोल्ड बॉन्ड द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए सोने का बकाया स्टॉक अब तक लगभग 110 टन है जो हमारे वार्षिक आयात का सिर्फ दसवां हिस्सा है। गोल्ड बॉन्ड की बिक्री के कारण सरकार द्वारा कुल उधार लगभग 64,000 करोड़ रुपये है किन्तु इस उधार की लागत प्रति वर्ष 10 प्रतिशत से अधिक रही है जो उस लागत से बहुत अधिक है जो सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए उधार लेने के लिए भुगतान करती है। 2008 से 2020 के बीच की अधिकांश अवधि के दौरान पश्चिमी देश अपने संप्रभु ऋण पर एक फीसदी की लागत का भुगतान करते थे जबकि भारत लगभग छह प्रतिशत की दर से भुगतान कर रहा था। अब मुद्रास्फीति और मौद्रिक सख्ती के कारण संप्रभु ऋण जुटाने की लागत बढ़ गई है फिर भी अभी स्वर्ण बॉन्ड बेचने की लागत से काफी कम है।

यही वजह है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को बंद करने की मांग की जा रही है। यह स्कीम बहुत महंगी है और इसने भारतीयों की वास्तविक सोने के लिए अतृप्त भूख में सेंध नहीं लगाई है। लेकिन ऐसा कोई भी फैसला जल्दबाजी और समय से पहले होने वाला साबित होगा। खासकर छोटे खुदरा निवेशकों को केन्द्र में रखते हुए गोल्ड बॉन्ड स्कीम को अधिक आक्रामक तरीके से बेचने की जरूरत है। गोल्ड बॉन्ड रखने की ऊपरी सीमा 4 किलो की जगह घटा कर 2 किलो की जा सकती है। बैंकों और आरबीआई के बजाय गोल्ड बांड की बिक्री को स्मार्टफोन-आधारित ऐप के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। गोल्ड बॉन्ड को स्वतंत्र रूप से व्यापार योग्य बनाया जा सकता है। इसके साथ ही डीमैट गोल्ड के लाभों को बहुत अधिक तीव्रता और सक्षमता के साथ विज्ञापित करने की आवश्यकता है। ऐसे विज्ञापन की कल्पना कीजिए जिसमें अमिताभ बच्चन जैसे ब्रांड एंबेसडर कल्याण ज्वैलर्स के उत्पादों के साथ ही सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड बेच रहे हैं।

गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड समर्थित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के साथ सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। सरकार सोने की कीमतों में वृद्धि और अस्थिरता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वित्तीय हानि से बचाव करके अपनी उधार लागत को कम कर सकती है। इस प्रकार यह दूसरी वस्तुओं का उपयोग करके वित्तीय हानि से बचाव करके अपनी लागत का कम से कम एक या दो प्रतिशत काट सकता है। इसके लिए नॉर्थ ब्लॉक में कुछ स्मार्ट वित्तीय विशेषज्ञता की आवश्यकता है जो पूरी तरह से संभव है। यह संभव है कि वास्तविक सोने पर गोल्ड बॉन्ड का प्रभाव गैर-रेखीय रूप से होगा। सरकार को बिना किसी दबाव का उपयोग किए या सोने के स्वामित्व पर प्रतिबंध लगाए लाखों घरों में सोने को डिमटेरियलाइज़ करने के लिए योजनाओं को भी लागू करना चाहिए जो निश्चित रूप से भारत में अकल्पनीय है। यह स्वर्ण जमा योजना, स्वर्ण बॉन्ड योजना के साथ सह-अस्तित्व में रह सकती है और धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से औपचारिक तरल वित्तीय क्षेत्र में सोने की संपत्ति लाने में मदद कर सकती है।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

## ललित जी और हरसिंगार के फूल

■ प्रदीप पाटिल

ललित जी और हरसिंगार के फूलसाल 2020 में जब ललित जी अपनी जिजीविषा और रचनात्मक साहस के साथ स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे तब 2 दिसम्बर की शाम अचानक यह ख़बर आई कि वे अब इस दुनिया में नहीं रहे। इस अकल्पनीय, अप्रत्याशित सूचना से मन बेहद व्यथित हो उठा और ललित जी से बात-मुलाकात की अनगिनत यादें स्मृति पटल पर कौंध गई।

लगभग 40 वर्ष पूर्व जब मेरे भीतर अख़बार और साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएं पढ़ने की समझ विकसित हुई तब मैंने पाया कि दूसरे अखबारों की तुलना में देशबन्धु एक विशिष्ट अखबार है जिसमें केवल सूचना और समाचार ही नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक और वैज्ञानिक दर्शन पर विचार भी प्रमुखता से व्यक्त होते हैं।

देशबन्धु में अस्सी और नब्बे के दशक में 'पूछिये परसाई से' एक लोकप्रिय स्तम्भ हुआ करता था जिसमें सुप्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई सामान्य पाठकों के प्रश्नों का उत्तर दिया करते थे। उसी के समानांतर एक स्तम्भ 'धूप-छाँह के दिन' भी प्रकाशित होता था जिसमें देशबन्धु के संस्थापक-संपादक मायाराम जी अपने जीवन के संघर्षों को संस्मरण में ढाला करते थे। वे संस्मरण इतने रोचक और सजीव होते कि लगता था, वे हमारे जीवन की ही व्यथा-कथा कह रहे हों। इन संस्मरणों में आम आदमी की वेदना, संवेदना, दर्द और आंसू को मार्मिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। उन संस्मरणों में दिलचस्पी के पीछे एक बड़ा कारण यह भी था कि वे निराशा के क्षणों में भी उम्मीद और जिजीविषा का दामन थामे रखने का हमें हौसला भी देते हैं। अपने पिता और उनके अनन्य मित्र परसाई जी से नियमित लिखवाने का विचार और आग्रह ललित जी का ही था।

श्री ललित सुरजन ने देशबन्धु की इस वैचारिक धरोहर तथा जनोन्मुखी प्रतिबद्धता को और भी समृद्ध किया उसे एक नयी धार और स्पष्टता दी। आमतौर पर यह माना जाता है कि अखबारी लेखन क्षणजीवी या अल्पजीवी होता है लेकिन ललित जी के समग्र लेखन और विमर्श में संसदीय-लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण, शिक्षा-स्वास्थ्य,रोजगार, आर्थिक-सामाजिक बेहतरी के सवाल इत्यादि पर जो सरोकार और चिंताए दिखाई पड़ती हैं वे उन्हें सामयिकता और क्षणभंगुरता से ऊपर उठाती हैं,उन्हें सर्वकालिक बनाती हैं।

साल 2016 में एक दिन अचानक दफ़्तर में मेरे कमरे के दरवाज़े पर दस्तक हुई। मैंने नज़र उठाकर देखा तो सामने ललित जी खड़े थे। मैंने उनसे कहा- सर, आपका स्वागत है, प्लीज़ अंदर आइये। मेरे अनुरोध पर वे अंदर आये और चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराकर कहा- कैसे हैं आप? जब मैंने उन्हें बताया कि यह उनसे मेरी पहली मुलाकात होने के बावजूद मैं उन्हें देशबन्धु और अक्षरपर्व इत्यादि में उनके लेखन की वजह से पहले से ही जानता हूं, तो उन्होंने तुरंत विषयांतर करते हुए पूछा- आपकी अभिरुचियां क्या हैं? यह उनकी व्यवहार कुशलता और वाकपटुता का उत्तम उदाहरण है जिससे यह सीखा जा सकता है कि कैसे किसी से अपनी प्रशंसा किये जाने पर सामने वाले व्यक्ति को खुद अपने बारे में कहने-बताने के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

बहरहाल,उन्हें जब बाद में यह मालूम हुआ कि पठन-पाठन के साथ लेखन में भी मेरी गहरी रुचि है तो उन्होंने मेरे सामाजिक, सांस्कृतिक और बैंकिंग के सम-सामयिक लेखों को पढ़ने में उत्सुकता दिखाई और उनका ध्यानपूर्वक अवलोकन कर उन्हें पुस्तक के रूप में प्रकाशित करवाने का सुझाव दिया। ललित जी जैसे बड़े पत्रकार और लेखक का यह सुझाव मेरे लिए अत्यंत उत्साहवर्धक व आश्वस्तिकारक था। वर्ष 2018 में 'बैंकिंग की चुनौतियां और संभावनाएं' नामक मेरी जो पुस्तक प्रकाशित हुई उसका श्रेय ललित जी को जाता है। ललित जी एक सुलझे हुए पत्रकार तो थे ही, उनमें लोगों को जोड़ने और उनसे जुड़े रहने का भी अद्भुत कौशल था।

रायपुर से अपने स्थानांतरण के बाद भी मैंने उन्हें हमेशा उसी आत्मीयता, स्नेह और गर्मजोशी के साथ जुड़ा हुआ पाया। उनके लेखन और व्यवहार में जो साफगोई, संतुलन और जनपक्षीय प्रतिबद्धता थी, उसके कारण मैंने उनसे हर मुलाकात के बाद अपने आप को वैचारिक दृष्टि से और बेहतर पाया। ललित जी की मूल्यपरक और प्रतिबद्ध पत्रकारिता आज के अख़बारनवीसों के लिए एक प्रकाश स्तम्भ की तरह है जिसके आलोक में अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ करते हुए पत्रकारिता के उच्च प्रतिमान स्थापित किए जा सकते हैं।

मैंने कहीं पढ़ा है कि ललित जी को हरसिंगार के फूल पसंद थे। वास्तव में उनका व्यक्तित्व हरसिंगार के फूलों की तरह ही था। हरसिंगार के फूलों की तरह ही वे अपने सम्पर्क में आने वाले हरेक व्यक्ति को स्नेह और सौहार्द्र की खुशबू से भर देते थे। लोगों के दिलों में अपनी संवेदनशीलता और सदाशयता से जल्दी ही सुखद स्थान बना लेते थे। आज भले ही वे दैहिक रूप से हमारे बीच नहीं है लेकिन हमारी यादों में वे अमिट रूप से विद्यमान रहेंगे। हमारी स्मृतियों को हरसिंगार के फूलों की तरह सदैव सुरभित करते रहेंगे।

***(लेखक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में वरिष्ठ अधिकारी हैं और इस समय चेन्नई में पदस्थ हैं।)***

## विश्राम देने से जी उठा जंगल

■ बाबा मायाराम

उत्तराखंड की हेंवलघाटी की गोद में बसा है जड़धार गांव। यहां अस्सी के दशक तक पहाड़ों की हरियाली कम हो चुकी थी। जंगल में गिने-चुने पेड़ ही बचे थे। चारा-पत्ती, पानी और ईंधन की कमी हो गई थी। इससे चिंतित होकर गांव वालों ने पेड़ बचाने व नंगे वृक्षविहीन जंगल को हरा-भरा करने की ठानी और इसे कर दिखाया। कुछ ही सालों में जंगल जी उठा, पहाड़ों पर हरियाली लौट आई।

यह बदलाव की कहानी है- उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के चम्बा विकासखंड में स्थित जड़धार गांव की। इसी इलाके में सत्तर के दशक में जंगल को बचाने का विश्व प्रसिद्ध चिपको आंदोलन हुआ था। यहां के अद्वाणी व सलेत के ग्रामीण जंगल को बचाने के लिए पेड़ों से चिपक गए थे। यह सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं था बल्कि अद्वाणी व सलेत के वनों को काटने से रोकने के लिए वास्तव में पेड़ों से चिपके थे। गांधीवादी सोच का यह अनूठा सत्याग्रह था। इस आंदोलन की चर्चा देश- दुनिया में हुई थी और यहां हरे पेड़ों के कटने पर रोक लग गई थी।

इस इलाके को हेंवलघाटी कहा जाता है। हेंवल नदी सिद्धपीठ सुरकंडा देवी की पहाड़ी से निकलकर आगे ऋषिकेश के समीप शिवपुरी में गंगा में विलीन हो जाती है। पहले इन पहाड़ियों में खूब बर्फ पड़ती थी, मई माह तक भी सुरकंड़ा की बर्फ नहीं पिघलती थी। एक जमाने में यह क्षेत्र बांज, बुरांस, मैरू, देवदार, रई, मुरेंडा आदि प्रजातियो के घने जंगल से ढंका रहता था। लेकिन 60 के दशक में इस कुदरती जंगल पर संकट आया। 80 के दशक तक आते-आते पूरा पहाड़ ही नंगा हो गया,जैसे किसी व्यक्ति के सिर पर उस्तरा फेर दिया हो। क्षेत्र के लोगों ने जंगल काट डाले। इससे जैव विविधता का संकट तो हुआ ही यहां से निकलने वाली नदियां भी सूखने लगीं। झरने व जलस्रोत भी जवाब देने लगे। इसी इलाके में शराब विरोधी आंदोलन व चूना पत्थर के खनन के खिलाफ आंदोलन चला था, जिसकी रजत जयंती पर 28 दिसंबर (2020) को बड़ा समारोह भी कटाल्डी गांव में हुआ। इस कार्यक्रम में चिपको आंदोलन के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

सीढ़ीदार पहाड़ पर बसे गांव के जंगल को देखने मैं कुछ साल पहले गया था। इसी गांव के निवासी हैं विजय जड़धारी, जो चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रहे हैं। जब चिपको आंदोलन का दौर निकल गया, तो उन्होंने गांववासियों के साथ यहां के उजड़ चुके जंगल को फिर से हरा-भरा करने की पहल की। साथ ही बीज बचाओ आंदोलन शुरू किया। देसी बीजों की पारम्परिक खेती को बचाने के लिए मुहिम छेड़ी। उनका पारंपरिक खेती पद्धति बारहनाजा (मिश्रित खेती की पद्धति) का अनुभवजन्य ज्ञान व जानकारी उपयोगी है। उन्होंने अपने अनुभव व पारंपरिक ज्ञान के आधार पर कई किताबें लिखी हैं, जिनकी सराहना अकादमिक दुनिया में भी हुई है।

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जंगल को मैंने देखा था। जंगल और पहाड़ को नजदीक से देखने का आनंद ही अलग होता है। ये हमें आज के भागमभाग और तनावपूर्ण माहौल में सदा आकर्षित करते हैं। जहां देश के अन्य इलाकों में जंगल कम हुए हैं, वहां उत्तराखंड इसका अपवाद कहा जा सकता है।

विजय जड़धारी बताते हैं कि टिहरी-गढ़वाल की चंबा-मसूरी पट्टी में पहले अच्छा और सुंदर जंगल था। इस गांव में भी था। पहाड़ के ढलानों से हरियाली की चादर हटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना रहता था। यहां के कई सदाबहार जलस्रोत सूख गए थे, तब गांववाले चिंतित हो उठे। इकट्ठे होकर सोचने लगे, और वनों के जतन में जुट गए। जंगल बचाने की प्रेरणा चिपको आंदोलन की थी।

वे आगे बताते हैं कि जड़धार गांव के लोगों ने मिलकर तय किया कि जंगल को बचाया जाए। इसके लिए एक वन सुरक्षा समिति बनाई गई। जंगल से किसी भी तरह के हरे पेड़, ठूंठ, यहां तक कि कंटीली हरी झाड़ियों को काटने पर रोक लगाई गई। कोई भी व्यक्ति यदि अवैध रूप से हरी टहनी या झाड़ी काटता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा, ऐसा तय किया गया।

कुछ समय के लिए पशु चरने पर भी रोक लगाई गई। कोई व्यक्ति वनों को किसी प्रकार नुकसान न पहुंचाए, यह सुनिश्चित किया गया। यह काम गांव की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया जिसमें जरूरत पड़ने पर थोड़ा बहुत फेरबदल किया जा सके। जंगल की रखवाली के लिए वन सुरक्षा समिति ने दो वनसेवक नियुक्त किए, जिन्हें गांववाले पैसे एकत्र कर कुछ आंशिक मानदेय देने लगे। जो पैसा जुर्माने से एकत्र होता उसे वनसेवकों को मानदेय के रूप में दे दिया जाता। हालांकि मानदेय की राशि कम थी, फिर भी वनसेवकों ने यह काम अपना समझकर किया।

वनसेवक रहे हुकुमसिंह बताते हैं कि जंगल की रखवाली के लिए हर महीने 300 रुपए मिलते थे। 20-22 साल तक जंगल की रखवाली करते रहे। पहले 3-4 फुट छोटे पौधे थे। रूखा-सूखा जंगल था। बाद में 15 फीट ऊंचे पेड़ हो गए। जंगल में बांज, बुरांस, काफल, बमोरा, खाकसी के पेड़ बहुतायत में थे। बांज के पेड़ से चारा, पत्ती व खाद मिलती है। यह पेड़ मिट्टी को बांधने एवं जलस्रोतों की रक्षा का काम भी अन्य पेड़ों के मुकाबले ज्यादा करता है। इसका जंगल ही पानी का सदानीरा स्रोत हैं। गर्मी के मौसम में भी इसका ठंडा जल रहता है।

जड़धार गांव के निवासी व स्वतंत्र पत्रकार रघुभाई जड़धारी ने बताया कि हमने जंगल को 15 साल तक कुदरती तौर पर बढ़ने दिया गया। चौकीदार रखे, जंगल को विश्राम दिया, आग से जंगल को बचाया, जहां कहीं भी धुआं देखा वहां तुरंत पहुंच जाते और आग बुझाते। इसमें गांववालों की भी मदद लेते। आग बुझाने में गांववासी बहुत मेहनत और साहस का परिचय देते हुए आग पर काबू पाते। और इस तरह जंगल में हरियाली लौट आई। पटुडी, आराकोट में भी ऐसी पहल हुई, जंगलों को बचाने का एक माहौल बन गया।

विजय जड़धारी ने बताया कि हालांकि यहां वृक्षारोपण व पेड़ लगाने का काम भी प्रतीकात्मक हुआ है लेकिन वनों को फिर से हरा-भरा करने में महती भूमिका वनों को विश्राम (बंद वन) देने की है। यानी उन्हें उसी हाल में प्रकृति के हवाले छोड़ दिया जाए, जिसमें वह है। सिर्फ उनकी रखवाली की जाए और उसे पनपने दिया जाए, और बढ़ने, पल्लवित-पुष्पित होने दिया जाए। लोग जैसे अपने खेतों की देखभाल करते हैं उसी तरह जंगल की देखभाल करने लगे। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाने लगी। दो-तीन सालों में ही सूखे जंगलों में फिर से हरियाली लौटने लगी।

वे आगे बताते हैं कि शंकुधारी वृक्ष चीड़, देवदार यदि कट गए तो इनमें दुबारा कल्ले (नई कोंपलें) नहीं आते हैं। जबकि बांज, बुरांस, काफल, अथांर, घिघारू, किनगोड़, खाकसी, बमोर घने होते हैं। और उनमें 1-2 साल में ही नए कल्ले आने शुरू हो गए। झाड़ियां आ गईं। जलाऊ लकड़ियां मिलने लगीं। इससे उत्साह बढ़ने लगा।

वन सुरक्षा समिति की समय-समय पर बैठकें होती थीं। कभी 3 महीने में, कभी 6 महीने मे बैठकों का दौर जारी रहा। बंद वन जागरूकता कार्यक्रम भी चलता रहा। 5-7 साल में जो जलस्रोत पूरी तरह सूख गए थे, उनमें पानी आ गया। वे कल-कल बहने लगे। इस गांव के आसपास दो दर्जन जलस्रोत हैं। नए पेड़ों ने पहाड़ को हरियाली से ढंक दिया।

बांज, बुरास, काफल के पुराने ठूंठों पर फिर नई शाखाएं फूटने लगीं। अंयार, बंमोर, किनगोड हिंसर, साकिना, धौला, सिंस्यारू, खाकसी आदि पेड़-पौधे दिखाई देने लगे। और आज ये पेड़ लहलहा रहे हैं। बारिश को समाहित करने की शक्ति पेड़ों में होती है, इससे भूक्षरण व भूस्खलन भी कम हो गया। गाय-भैंसों के नीचे बिछाने के लिए पत्ती व घास चारे व ईंधन की सुविधा हो, इसकी कोशिश की जाने लगी।

90 के दशक में यहां हरित हिमालय कार्यक्रम चला। इसे भारत सरकार व हिमालय ट्रस्ट ने संयुक्त तौर पर पायलेट प्रोजेक्ट की तरह चलाया। हमारे यहां हेंवलघाटी हरियाली कार्यक्रम के नाम से संचालित हुआ। इसके तहत् 2 साल तक वनसेवकों को मानदेय दिया गया। यह वर्ष 1991-92 की बात है। तब कश्मीर से कागजी अखरोट के बीज लाकर नर्सरी बनाई गई, अखरोट के पौधे लोगों को बांटे गए थे जो कई साल पूर्व से अब तक लोगों को अच्छी आमदनी दे रहे हैं।

> **जलवायु बदलाव के इस दौर में जंगल को फिर से पुनर्जीवन प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इस इलाके में कुड़ी व पिपलेत गांवों में वन संरक्षण किया जा चुका है। इस पूरे काम से यह निष्कर्ष निकलता है कि गांवों की आपसी समझ, एकता वनों के विश्राम और मेहनत से उजड़ रहे वनों को नया जीवनदान मिल सकता है। प्राकृतिक संसाधनों में कमी, जलस्रोतों का सूखना, भूक्षरण, भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पर्यावरण का संकट बढ़ रहा है। ऐसे दौर में जड़धार के जंगल ने नया रास्ता दिखवाया है।**

पिछले चार दशक से हरियाली वापसी के इस काम का नतीजा यह है कि बुरांस, काफल के सघन जंगल प्रकृति अपने आप वापस ले आई। अब जंगल इतना घना हो गया है कि सूरज की रोशनी जमीन पर नहीं पहुंचती। जड़ी-बूटी, घास, लताएं, बेल फिर से आ गईं। काफल, बांज, बुरांस खूब हो गए। बुरांस के लाल फूल अलग ही छटा बिखेरते हैं। काफल का खट्टा-मीठा फल लोगों की पोषण सुरक्षा व रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ाने का काम करता है।

सूखे पानी के जलस्रोत फिर फूट पड़े, सदानीरा हो गए। यहां के कुलेगाड, मूलपाणी, लुआरका पाणी, सांतीपुर पाणी, नागुपाणी, खुलियो गउ पाणी, रांता पाणी और द्वारछिलापाणी सहित 2 दर्जन जलस्रोत हैं। ये सदाबहार जलस्रोतों से ही साल भर गांवों को पीने का पानी मिलता है। चौड़ी पत्ती के जंगल बारिश के पानी का स्पंज हैं। वे पानी को सोखकर रखते हैं। जहां ऐसे जंगल होते हैं वहां जलस्रोत सदानीरा होते हैं। पानी छन छन, कल कल बहता रहता है। इसके अलावा, कई वन्य प्राणियों ने भी इस जंगल को अपना आशियाना बना लिया है। भालू, सेही, बघेरा, तेंदुआ, बारहसिंघा, हिरण, जंगली सुअर, बंदर आदि यहां प्राय: दिखते हैं। हिरणों की टोलियां बिचरती रहती हैं।

'गोविंदबल्लभ पंत हिमालयी पर्यावरण व विकास संस्थान' (श्रीनगर, गढ़वाल) के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में इसे पुनर्जीवित सर्वश्रेष्ठ जंगलों में बताया है। पुणे के पक्षी विशेषज्ञ डा. प्रकाश गोले ने यहां कुछ ही घंटों में पक्षियों की 95 प्रजातियों की गिनती की। जंगल बढ़ाने में यह सहायक हुए हैं। जड़धारी कहते हैं कि दूर-दूर से यह पक्षी बीज लाकर इस जंगल के अवैतनिक सेवक बन गए हैं।

ग्राम वन पंचायत यहां वन संरक्षण व वन प्रबंधन का काम करती हैं। उत्तराखंड में वन पंचायतों का इतिहास पुराना है। ब्रिटिश शासन से वन पंचायतें थीं। विजय जड़धारी बताते हैं कि वन पंचायत स्वशासन का एक उदाहरण हैं। आसपास के जंगलों का रखरखाव करती हैं। यह लगभग 1927 के आसपास बनीं। जड़धार में हाल ही में 1998 में वन पंचायत बनी। जड़धार में भी वन पंचायत है, इसका जंगल में दखल बढ़ा है, पर इसे हावी नहीं होने दिया है। अब इन्हें नए सिरे से मान्यता मिली है, और सक्रिय हैं। वर्तमान में जड़धार वन पंचायत के सरपंच राजेन्द्र नेगी हैं।

राजेन्द्र नेगी ने बताया कि वे वर्ष 2017 से सरपंच हैं और इस बीच उन्होंने कई काम करवाए हैं। सरकार की जायका परियोजना के अंतर्गत पौधारोपण व आजीविका सुरक्षा की है। इसके तहत् वृक्षारोपण किया गया। इसकी तार फेसिंग करवाई है, जिससे कुछ हद तक जंगली जानवर, खासकर सुअर से फसलों की सुरक्षा हुई है।

स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण करवाया गया है। जल संचयन हो इसके लिए जंगल में छोटी चाल-खाल (तालाब) बनाई गईं। कुल 9 चाल बनाई गई हैं। यह भी जल भंडारण का परंपरागत तरीका है। इनमें से 3 चाल में बारह महीने पानी रहता है। इससे भूजल स्तर बढ़ता है और जलस्रोत भी सदानीरा होते हैं। जंगली जानवरों को पीने का पानी भी मिलता है। गांव के पालतू मवेशी भी पानी पीते हैं।

हाल में चमोली जनपद में ग्लेशियर टूटने से हुई तबाही पर विजय जड़धारी ने कहा कि यह मानव निर्मित है। इस घटना में अब तक 31 लोग मारे जा चुके हैं, और कई के लापता होने की खबर है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले केदारनाथ की घटना से कोई सबक नहीं लिया गया। ऋषि गंगा पावर प्रोजेक्ट व धौली गंगा पावर प्रोजेक्ट के लिए सुरंग खोदी गई। अब कंपनियां ग्लेशियर फटने को दोष दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सही है कि जलवायु बदलाव व मौसम परिवर्तन के कारण बादल फटने, ग्लेशियर टूटने, सूखा पड़ने और अतिवृष्टि होने की घटनाएं होंगी पर होनेवाली तबाही को रोका जा सकता है। हमें नदियों को बांधने की बजाय नदियों व गाड-गदेरों को खुला रखना होगा और हिमालय के साथ हो रही छेड़छाड़ को बंद करना होगा।

उन्होंने इसका एक उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ साल पहले जड़धार गांव के जंगल में पहाड़ की चोटी पर बादल फटने की बड़ी घटना हुई थी पर उसका असर गांव तक नहीं पहुंचा। जंगल में ही मलवा व पानी जज्ब हो गया। इस तरह हरे-भरे जंगलों से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से होनेवाली हानि को रोका जा सकता है।

कुल मिलाकर, वर्ष 1980 के बाद से गांव चारा-पत्ती, जलाऊ ईंधन व पानी के मामले में यह गांव आत्मनिर्भर है। उसे किसी से पूछने की जरूरत नहीं है। जब भी हल, जुआ, लाट जैसे खेती के औजारों के लिए लकड़ी की जरूरत होती है, सब लोग जंगल मिलकर जाते हैं और लकड़ी ले आते हैं। चौड़ी पत्तियां पशुओं के नीचे बिछावन के काम भी आती हैं। गोमूत्र-गोबर आदि सड़कर जैव खाद बनाते हैं, जो बहुत उपजाऊ होती है। बांज की पत्तियां मवेशी खाते हैं, वह चारे का काम भी करती हैं। ईंधन के लिए भी अच्छी होती हैं।

जलवायु बदलाव के इस दौर में जंगल को फिर से पुनर्जीवन प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इस इलाके में कुड़ी व पिपलेत गांवों में वन संरक्षण किया जा चुका है। इस पूरे काम से यह निष्कर्ष निकलता है कि गांवों की आपसी समझ, एकता वनों के विश्राम और मेहनत से उजड़ रहे वनों को नया जीवनदान मिल सकता है। प्राकृतिक संसाधनों में कमी, जलस्रोतों का सूखना, भूक्षरण, भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पर्यावरण का संकट बढ़ रहा है। ऐसे दौर में जड़धार के जंगल ने नया रास्ता दिखाया है। यह गांव अब पारिस्थितिकीय वापसी का भी अनुपम उदाहरण है। हाल ही के हादसे के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि जड़धार जैसे जंगल ऐसे हादसों को कुछ हद तक रोकने में सक्षम हैं, जैसा कि बादल फटने से जड़धार गांव में कोई नुकसान नहीं हुआ था। कुल मिलाकर, यह सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

### बीता सप्ताह

**25 नवम्बर**

- अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम रिपोर्ट को नहीं मान सकते।
- बालीवुड फिल्मकार राजकुमार कोहली का निधन हो गया।
- हमास-इजरायल के बीच चार दिवसीय युद्धविराम लागू हुआ।
- दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त हुई।

**26 नवंबर**

- राजस्थान में विधानसभा चुनाव का मतदान हुआ। 68 फीसदी वोट पड़े।
- पत्रकार सौम्या विश्वनाथन प्रकरण में 15 साल बाद दिल्ली साकेट कोर्ट ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।
- पाकिस्तान करांची के शॉपिंग माल में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।
- पाकिस्तान के आल राउंडर इमाह वसीम ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

**27 नवंबर**

- संविधान दिवस पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता अदालतों में जाने से डरें नहीं।
- चीन में श्वांस संबंधी रहस्मयी बीमारी के बाद केंद्र ने दिशानिर्देश जारी कर कहा श्वसन संबंधी बीमारियों पर राज्यों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।
- ईरान में कथित तौर पर एक हत्या के मामले में 17 वर्षीय एक नाबालिग को फांसी दे दी गई।
- इजरायल ने कहा कि चार दिवसीय संघर्ष विराम में हमास नेताओं को कोई छूट नहीं दी जाएगी।

**28 नवंबर**

- नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया गया।
- अमेरिकी लेखिका पॉल लिंच ने अपने उपन्यास प्रोफेट सॉन्ग के लिए 2023 का बुकर पुरस्कार जीता।
- अमेरिका में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज छात्रों को रात्रिभोज में जाने के दौरान गोली मार दी गई।
- इटली ने आस्ट्रेलिया को हराकर 47 साल बाद डेविस कप 2023 का खिताब जीत लिया।

**29 नवंबर**

- उत्तरकाशी के टनल से 17 दिन बाद सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकाला गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज कर दी।
- नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण हुआ।
- दक्षिण अफ्रीका में इम्पाला प्लेटिनम खदान दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई।

**30 नवंबर**

- सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि नफरती भाषणों पर कार्रवाई होनी चाहिए।
- भारत-आस्ट्रेलिया का क्रिकेट मैच टी-20 रायपुर छत्तीसगढ़ में खेला गया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल और आगे बढ़ाने की मंजूरी दी।
- तेलंगाना विधानसभा के 119 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- हंगरी-सर्बिया के बीच 'रेल सेल' आठ साल बाद शुरु हुआ।

**1 दिसंबर**

- उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1618 करोड़ की योजना को मंजूरी दी गई।
- नेपाल के पश्चिमी लगजंग जिले में पहला समलैंगिक विवाह पंजीकृत हुआ।
- महिला जूनियर विश्वकप के पहले मैच में भारत ने कनाडा को 12-0 से हराया।
- गुजरात में जहरीली सिरप पीने से 5 नागरिकों की मौत हो गई।
- अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंगर का निधन हो गया।

निर्वाचन पदाधिकारियों ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग, अधिकारियों को दिए निर्देश

# मतगणना केन्द्र में केलकुलेटर और मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मतगणना केन्द्र पर पासधारक ही प्रवेश कर सकेंगे, किसी भी अनाधिकृत और अवांछित व्यक्ति को मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना केन्द्र में मोबाइल और केलकुलेटर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा, सिर्फ मतगणना कराने में तैनात मतगणनाकर्मी ही केलकुलेटर का उपयोग कर सकेंगे। यह निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने गुरूवार को प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान दिए।

उन्होंने इस दौरान बैठक में 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना की व्यापक तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतगणना केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित और चाक-चौबंद रहे। निर्वाचन से जुड़ी सभी सूचनाएं प्रेक्षकों, राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों, मीडिया और जनसामान्य को देते रहें, जिससे किसी भी प्रकार की असत्य या भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न हों। किसी भी प्रकार की संवादहीनता की स्थिति नहीं रहनी चाहिए।

उप निर्वाचन आयुक्त ने प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों से वन-टू-वन चर्चा कर जिले में मतगणना के लिए की गई तैयारियों की सिलसिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्र की गिनती की पूरी प्रक्रिया और नियमों का पालन करें। डाक मतपत्र की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, बसंत कुर्रे, श्रीमती रुचिका चौहान, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार शुक्ला और श्रीमती सुरभि तिवारी उपस्थित रहीं।

### सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष व सदस्य नहीं बन सकेंगे मतगणना अभिकर्ता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति, जिसको केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है। साथ ही केंद्र और राज्य के मंत्री, वर्तमान सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिक निगम के अध्यक्ष, केंद्र तथा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्ष और सदस्य, शासकीय प्राधिकरण के अध्यक्ष व सदस्य, आंगनबाड़ी कर्मचारी, शासकीय पैरामेडिकल स्टॉफ, शासकीय संस्था अथवा शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था से मानदेय प्राप्त कर रहे या किसी शासकीय संस्था में अंशकालिक सेवाएं दे रहे व्यक्ति, शासकीय उचित मूल्य दुकानों के डीलर्स और शासकीय सेवक मतगणना के लिए किसी भी अभ्यर्थी के अभिकर्ता नियुक्त नहीं किए जा सकेंगे।

### मतगणना की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो

मतगणना स्थल की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर कमी न रहे। मतगणना केन्द्र में सीसीटीव्ही कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मतगणना के दिन रेन्डमाईजेशन से लेकर विजयी अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र वितरित किए जाने तक सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्षता व पारदर्शी रहे।

खजुराहो से झांसी के बीच चली शुरु हुई मेमू ट्रेन

# बुंदेलखंड में पर्यटन, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा

खजुराहो की जनता की ओर से प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रयासों से खजुराहो को मेमू ट्रेन की सौगात मिली है। गुरूवार 30 नवंबर से खजुराहो से झांसी के बीच इस ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। ट्रेन का संचालन शुरू होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का श्री शर्मा ने आभार जताया है। उन्होंने रेल मंत्री से मुलाकात कर पिछले दिनों यह ट्रेन चलाने का अनुरोध किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराह सांसद श्री शर्मा ने कहा है कि इस ट्रेन के चलने से बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन सहित रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का भी विकास होगा।

इससे खजुराहो संसदीय क्षेत्र के स्थानीय लोगों को बेहद महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हो गई है। मेमू ट्रेन के संचालन से खजुरहो और आसपास के क्षेत्र की जनता को झांसी जाकर बड़ी ट्रेनों को पकड़ने में आसानी होगी। क्योंकि क्षेत्र की जनता लंबी दूरी की यात्रा के लिए जन शताब्दी, राजधानी एवं वंदे भारत जैसी ट्रेन में बैठने के लिए झांसी जाती है। ऐसे में खजुराहो से झांसी तक जाने के लिए बस या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ता था, जो महंगे होने के साथ समय भी अधिक लगता था। मेमू ट्रेन के संचालन से कम समय और कम खर्चे में स्थानीय लोग लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर के लिए आसानी से झांसी पहुंच सकते हैं।

### खजुराहो से झांसी के लिए सुबह 4 बजे रवाना होगी ट्रेन

खजुराहो से झांसी के लिए मेमू ट्रेन सुबह 4 बजे रवाना होकर सुबह 10:45 बजे झांसी पहुंची। मेमू ट्रेन का खजुराहो के साथ छतरपुर, ईसानगर, खरगापुर, टीकमगढ़, ललितपुर में स्टॉपेज निर्धारित किया गया है। उक्त स्टेशनों से भी लोग यात्रा कर सकते है। इस ट्रेन से बागेश्वर धाम आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

डाक मतपत्रों का मामला

# बालाघाट कलेक्टर को तत्काल निलंबित किया जाए : कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** बालाघाट के डाक मतपत्र मामले में कांग्रेस ने कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा को निशाने ले रखा है। गुरुवार को भी प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा, जिसमें बालाघाट में डाक मतपत्रों के साथ हुई छेड़छाड़ में ईटीपीबीएमएस के मतपत्र दिखाई नहीं देने की घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

धनोपिया ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 17 नवम्बर को संपन्न हो चुका है तथा मतगणना 3 दिसम्बर को होना है, फिर 27 नवम्बर को डाक मतपत्र से छेड़छाड़ क्यों की गई। वायरल वीडियो के हवाले से उन्होंने बताया वीडियो में दिखाई जा रही कार्यवाही में सेवानिवृत्त कर्मचारी और भाजपा प्रत्याशी गौरीशंकर बिसने के रिश्तेदार भी उस कमरे में बैठे दिखाए गए है, कमरे की वीडियोंग्राफी में कोई भी राजनीतिक दल का प्रत्याशी उपस्थित नहीं दिखाई दिया है, शासकीय कर्मचारियों को ही पोस्टल वोट्स के साथ छेडछाड करते हुए दिखाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 15 नवम्बर 23 को बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों को पत्र जारी किया गया है। जिसमें डाक विभाग के माध्यम से ईटीपीबीएमंएस प्राप्त मतों को जमा करने के लिए निर्धारित समय 3 बजे पोस्टल बैलेट प्रभारी की उपस्थिति में अस्थाई स्ट्रांग रूम को खोलने और बंद करने की जानकारी दी गई है।

मीडिया सेंटर पहुंचकर देखे प्रचार-प्रसार के तरीके

# डेनमार्क के प्रतिनिधिमंडल ने समझा भाजपा का चुनाव प्रबंधन







**भोपाल, देशबन्धु।** कम समय में एक बेहद सफल राजनीतिक पार्टी भाजपा की कार्यप्रणाली और उसके तौर तरीके जानने के लिए डेनमार्क का एक प्रतिनिधि मंडल आज भोपाल आया। इस प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में यहां की व्यवस्थाओं को समझा और मीडिया सेंटर का भी भ्रमण कर भाजपा के प्रचार-प्रसार के बारे में जाना। इस प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा का विजन, मिशन, संगठन की कार्यप्रणाली, केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका और चुनाव संबंधी गतिविधियों को जानने के लिए यह दौरा किया था। इस दौरान दल में शामिल विजार्क कोफोड, श्वेट्ज एवं ओले ने पार्टी पदाधिकारियों से भेंट की तथा पार्टी की कार्यप्रणाली को समझा। डेनमार्क के इस प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान उन्होंने पार्टी के विदेश विभाग के प्रदेश संयोजक रोहित गंगवाल, सह संयोजक डॉ. सुधांशु गुप्ता एवं सदस्य डॉ. राहुल जैन के साथ प्रदेश कार्यालय का भ्रमण किया और पार्टी पदाधिकारियों से भेंटकर पार्टी की कार्यप्रणाली को समझा। प्रदेश कार्यालय और मीडिया सेंटर में प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत किया गया।

प्रदेश कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, चुनाव आयोग एवं समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एस.एस. उप्पल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा से भेंट की। वहीं, प्रदेश मीडिया सेंटर में प्रतिनिधि मंडल के सदस्य पार्टी की प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव, मीडिया पैनालिस्ट शिवम शुक्ला, श्रीमती गुंजन चौकसे, सत्येन्द्र जैन से मिले और पार्टी के मीडिया सेंटर की कार्यप्रणाली को नजदीक से जाना। पार्टी के विदेश विभाग के सह संयोजक डॉ सुधांशु गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की 'भाजपा को जानों' अभियान के तहत है, ताकि विदेशी लोगों को भाजपा के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दी जा सके।

# जोशीमठ के लिए 1658 करोड़ की योजना को मंजूरी

- भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित है हुआ
- तीन वर्ष की अवधि में योजना की जाएगी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपए की एक योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1079.96 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा मोचन कोष से 126.41 करोड़ रुपए और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपए प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। उत्तराखंड का जोशीमठ भूस्खलन और ज़मीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई कर जोशीमठ के लिए योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की है। इस योजना को तीन वर्ष की अवधि में लागू किया जाएगा।

# तेलंगाना में 65 फीसदी से अधिक मतदान

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों पर 5 बजे 63.94 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। आदिलाबाद में मतदान करने आए दो बुजुर्गों टोकला गंगम्मा (78) और राजन्ना (65) की मौत हो गई। मतदान के दौरान लाइन में खड़ी टोकला गंगम्मा को हार्ट अटैक आया। वहीं, लाइन में खड़े राजन्ना चक्कर आने की वजह से गिर गए। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। वहीं पोलिंग बूथ में मीडिया से बात करने की वजह से बीआरएस नेता के कविता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मतदान के दौरान तीन से चार जगह कांग्रेस से बीआरएस और बीजेपी-बीआरएस के कार्यकर्ता भिड़ गए। कुछ जगहों पर लाठीचार्ज भी हुआ।

### 2290 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद

तेलंगाना में कुल 2290 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। राज्य में चुनाव के लिए 35 हजार 655 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें 511 केंद्र संवेदनशील रहे। ये सभी छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे हैं और नक्सल प्रभावित हैं। सुरक्षा के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 100 से ज्यादा कंपनियां तैनात की गईं थी। नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे।

### बीआरएस व कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला

तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को खत्म होने वाला है। यहां पिछली बार दिसंबर 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे और तेलंगाना राष्ट्र समिति ने सरकार बनाई थी। चंद्रशेखर राव दूसरी बार मुख्यमंत्री बने थे। टीआरएस का नाम अब बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) हो गया है। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। साल 2018 में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा के खाते में केवल एक सीट आई थी।

# बूढ़े बालाजी स्वास्थ्य केंद्र पर एड्स दिवस पर परिचर्चा आयोजित



**गुना, देशबन्धु।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित निशुल्क यौन जनित रोग शिविर एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी मेडिकल ऑफिसर, मजहर आलम डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं शुभम गुप्ता असिटेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना मौजूद रहे। जिनके द्वारा विश्व एड्स दिवस पर कानूनी जानकारी दी गई एवं एड्स से बचाव के सुझाव दिए गए। इसी क्रम में डॉ. रामवीर सिंह ने बताया कि जानकारी ही बचाव है, एड्स हाथ मिलाने से या साथ बैठने से या खाना खाने से नहीं फैलता। यह असुरक्षित यौन संबंध से अथवा संक्रमित रुई से संक्रमित इंजेक्शन लगवाने से अथवा संक्रमित रक्त चढ़ाने से होती है। इसके लिए आवश्यक पडने पर किसी मान्यता प्राप्त रक्त कोष से ही मरीज को रक्त लिया जाए।

इस अवसर पर आकाश प्रजापति, सुरेश यादव दोनों रक्तदाताओं का स्वागत किया गया। इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि किसी दिन शहरी प्राथमिक बडे बालाजी पर रक्तदान शिविर आयोजित करें। सभी रोगियों को एड्स की जानकारी दी गई एवं 15 रोगियों की एचआईवी एवं यौन जनित रोगियों की जांच की गई, जो की सभी नेगेटिव आई। इस अवसर पर स्टाफ नर्स निधि श्रीवास्तव, कविता धाकड़, सुमिता सेंगर, वर्षा कटरे, प्रियंका मरावी, सौरभ रघुवंशी, आनंद ओझा, लैब सुपरवाइजर मेहरबान अहिरवार, आकाश प्रजापति, रविन्द्र कुशवाह, सोनू कुशवाह, विनोद सेन, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, अनिल केवट, सुरेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# 2 अलग-अलग मामलों में घर से गायब किशोर व किशोरी दस्तयाब

**गुना, देशबन्धु।** शहर की कैंट पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से गुम हुई मानसिक कमजोर नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा है। दरअसल 30 नवंबर की रात में पीड़ित नाबालिग बालिका के पिता द्वारा कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार दोपहर से उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से कहीं चली गई है, जो मानसिक रुप से कमजोर है। जिसे उसने सभी संभावित जगहों पर तलाश कर लिया है, लेकिन उसका कहीं कोई पता नही चल पा रहा है, जिसकी रिपोर्ट पर से कैंट थाने में अपराध क्रमांक 1036/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने नाबालिग बालिका की तलाश हेतु थाने की रात्रि गस्त पार्टियों को लगाया गया। पुलिस की रात्रि गस्त पार्टियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में बालिका की सघन तलाश की गई एवं जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाला गया। जिसके परिणाम स्वरुप रात्रि गस्त के दौरान ही कैंट थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से गुम हुई मानसिक रुप से कमजोर नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत जिसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई पंकज त्यागी, अमित अग्रवाल, अजय प्रताप सिंह, मोना राय, विक्रांत, प्रेम ग्वाल, संतोष यादव, ओमचरण कुशवाह एवं देवेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही है।

इधर जिले की म्याना पुलिस ने भी थाना क्षेत्र से गुम हुए नाबालिग किशोर को उज्जैन से खोज निकाला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित बालक के पिता द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि गत 28 नवम्बर 2023 के प्रात- उसका 16 वर्षीय नाबालिग पुत्र घर से स्कूल गया था, लेकिन जो देर शाम तक वापस घन नही आया तो उसके द्वारा अपने लडके को हर संभावित जगह पर तलाश कर लिया। लेकिन उसका कहीं कोई पता नही चल पा रहा है, जिसकी रिपोर्ट पर से म्याना थाने में अपराध क्रमांक 503/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त प्रकरण में अपहृत नाबालिग किशोर की जल्द से जल्द दस्तयाबी हेतु म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छावई द्वारा तत्काल पुलिस की एक टीम गठित कर अपहृत बालक की तलाश में लगाया गया । उक्त टीम द्वारा प्रकरण के अपहृत बालक की तलाश में सरगर्मी से जुट गई और इसमें विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई। जिसके परिणाम स्वरुप बालक के उज्जैन में होने की जानकारी लगने पर म्याना थाने से पुलिस की एक टीम तत्काल उज्जैन पहुंची और जहां से गत 30 नवंबर को ही प्रकरण में अपहृत बालक को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट : अदालत ने एएसआई को दिया 10 दिन का समय

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी अदालत ने गुरुवार को एएसआई को ज्ञानवापी सर्वेक्षण पूरा करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए और 10 दिन का समय दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने यह जानकारी दी। एएसआई ने तकनीकी देरी का हवाला देते हुए रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा था, लेकिन मस्जिद समिति ने इसका विरोध किया। जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगने वाली एएसआई की याचिका पर यह आदेश दिया। एएसआई ने 28 नवंबर को याचिका दायर की थी। कोर्ट ने याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई पूरी की थी।

### 11 दिसम्बर को होगी अगली सुनवाई

एएसआई की ओर से याचिका दायर करने वाले स्थायी सरकारी वकील अमित कुमार ने न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश के आदेश के हवाले से कहा, सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद मुझे एएसआई को अदालत में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय देना उचित लगता है। यह अदालत उम्मीद करती है कि दिए गए समय के भीतर एएसआई निश्चित रूप से रिपोर्ट दाखिल करेगा और आगे का समय नहीं मांगेगा। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 11 दिसम्बर तय की है।

सर्दियों में एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका गुलमर्ग

# धरती के स्वर्ग ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

- बर्फ के गिरते ही सैलानियों को पुकारने लगा कश्मीर

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** धरती का स्वर्ग कहे जाने वाला कश्मीर बर्फ की चादर में लिपटा हुआ है। कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई तो वहीं मैदानी इलाकों में बारिश हुई। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में जमकर बर्फबारी हुई है।

बर्फ के गिरते ही विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग सैलानियों को पुकारने लगा है क्योंकि जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाके में बसा गुलमर्ग सर्दियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। उत्तरी कश्मीर में स्थित यह सुरम्य स्थान, बर्फ से ढके परिदृश्यों से सुसज्जित एक मनोरम स्वर्ग में बदल चुका है, जो रोमांच और शांति की तलाश करने वाले पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। यह सच है कि बर्फ से ढका गुलमर्ग पर्यटकों और साहसिक खेलों के प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है।

### समुद्र तल से 8,694 फीट की ऊंचाई पर

समुद्र तल से लगभग 8,694 फीट की ऊंचाई पर, गुलमर्ग सर्दियों के महीनों के दौरान एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण बन चुका है। बर्फ से ढका यह इलाका आगंतुकों और साहसिक प्रेमियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान कर रहा है, जो इसे एक पसंदीदा गंतव्य बना रहा है। बर्फबारी के बाद राष्ट्रीय स्तर के शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए प्रसिद्ध गुलमर्ग, खुद को शीतकालीन खेल केंद्र के रूप में स्थापित कर चुका है। इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय स्की रिसॉर्ट हैं, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और विभिन्न शीतकालीन खेलों के अवसर प्रदान कर रहे हैं। इसका आकर्षक इलाका दुनिया भर से साहसिक चाहने वालों और पेशेवर एथलीटों को आकर्षित कर रहा है। गुलमर्ग में केबल कार की सवारी गोंडोला दुनिया की सबसे ऊंची केबल कारों में से एक है, जो लुभावनी यात्रा पर निकलने वाले आगंतुकों को एक शानदार अनुभव प्रदान कर रही है। गोंडोला की सवारी माउंट अफरवाट तक जाती है, जहां आगंतुकों को विस्मयकारी मनोरम दृश्यों का आनंद मिलता है।

# हाड़ा डुंगासरा में युवक ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

**गुना, देशबन्धु।** जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम हाड़ा डुंगासरा में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार देर शाम की है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। यहां शुक्रवार सुबह शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मवीर उर्फ संजू रघुवंशी पिता प्रहलाद रघुवंशी (28) गत दिवस सुबह मवेशियों को चरा कर घर आकर नाश्ता-पानी कर अपने कमरे में सो गया। देर शाम तक वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने उसे कमरे के बाहर काफी आवाज। अंदर से कोई हलचल न होते देख परिजनों ने ऊपर वाली खिडक़ी से झांककर देखा तो संजू पंखे के फंदा बनाकर लटका मिला। जिसके बाद कमरे के गेट तोडक़र परिजन अंदर दाखिल हुए। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिएल जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### बच्चियां तो गई स्टेशन घूमने, यहां परिजनों का छूटा पसीना, पुलिस की बढ़ी मुश्किलें

# टीकमगढ़ से लापता हुई तीनों छात्राएं मिलीं, उरई से पुलिस ने किया बरामद



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** एक साथ तीन नाबालिग बच्चियों के अचानक लापता होने की खबर के बाद से शहर में सनसनी फैल गई। देर रात तक शहर में खोजबीन जारी बनी रही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की भागादौड़ी जारी हो गई। परिजनों में घबराहट होना भी लाजमी था। आनन-फानन में सूचना मिलते ही पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। आखिर पुलिस ने लापता तीनों बच्चियों खोज निकाला। बाद में पता चला कि तीनों बच्चियां स्टेशन घूमने गई थी। यह लापता हुई तीनों छात्राऐं यूपी के उरई में मिली। तीनों शहर के शासकीय शिशु मंदिर स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती है। घटना की सूचना देने आई महिलाओं ने बताया कि छात्राएं गुरुवार सुबह स्कूल के लिए घर से निकली थीं, लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंची। देर रात परिजनों ने कोतवाली थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीनों को शुक्रवार को उरई से बरामद किया। टीकमगढ़ पुलिस तीनों छात्रों को कोतवाली लाकर पूंछतांछ कर रही है। थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि परिजनों की सूचना के 12 घंटे के अंदर तीनों छात्राओं को बरामद कर लिया है। फिलहाल उनसे पूंछतांछ की जा रही है।

### रेलवे स्टेशन घूमने गई थी छात्राएं

पुलिस को पूछताछ में तीनों छात्राओं ने बताया कि गुरुवार को स्कूल की छुट्टी के बाद दोपहर में वे टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन घूमने चली गई। स्टेशन पर गोरखपुर-मुंबई ट्रेन में चढ़कर ट्रेन देखने लगी। इसी दौरान गाड़ी चल दी और वे तीनों ललितपुर स्टेशन पहुंच गई। इसके बाद ललितपुर से शाम को टीकमगढ़ की जगह दूसरी ट्रेन में चढ़ गई। इसलिए यूपी के उरई पहुंच गईं। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि छात्राओं के बयान दर्ज किया जा रहे हैं। उनके परिजनों को थाने बुलाया गया है। पूंछतांछ के बाद ही पूरा मामला साफ होगा।

### स्कूल के बाद घर नहीं लौटी

थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि शहर के विनोद कुंज मोहल्ले की रहने वाली संगीता अहिरवार ने गुरुवार देर रात शिकायत दर्ज कराई थी। लापता बच्ची ज्योति की मां संगीता ने बताया कि मेरी बेटी ज्योति अहिरवार उम्र 13 वर्ष गुरुवार सुबह 10 बजे बड़ी बेटी नेहा को अस्पताल खाना देने गई थी। इसके बाद वह स्कूल चली गई। स्कूल की छुट्टी शाम 4 बजे होती है, लेकिन बेटी शाम तक घर नहीं लौटी। आस पड़ोस और रिश्तेदारी में पता करने के बाद भी जब उसका पता नहीं चला। इसके बाद ज्योति की सहेली मुस्कान रैकवार के परिजनों से संपर्क किया। मुस्कान के पिता राम किशोर रैकवार ने बताया कि उनकी बेटी भी सुबह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। इसके अलावा ज्योति और मुस्कान की सहेली वर्षा पिता मनोज प्रजापति भी घर से गायब है। पुलिस ने फिलहाल तीनों को बरामद कर लिया है। स्टेशन घूमने भले ही बच्चियां गई हों, लेकिन इस दौरान उनके परिवार और पुलिस की जो चिंता रही, वह परेशानी वाली रही है। पुलिस अधीक्षक ने भी तेजी से कार्रवाई को अंजाम दिया और जल्दी ही परिणाम तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। इस सारे मामले में कोतवाली नगर निरीक्षक आनंद राज ने जिस तेजी से तत्काल भागादौड़ी की और टीम के साथ इलाकों में छानबीन की, वह तारीफे काबिल रही। उन्होंने पहले ही बच्चियों के परिजनों को धीरज बंधाते हुए जल्दी ही बच्चियों को खोज निकालने का भरोसा दिलाया था। श्री राज को मोबाइल पर बच्चियों से बात होने के साथ ही उनकी लोकेशन मिलना शुरू हो गया और वह सही दिशा में पहुंचने के करीब आ गए थे।

### टीकमगढ़ पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास

# पूर्वाभ्यास: बदमाशों ने किया पुलिस टीम पर पथराव, तो पुलिस ने छोड़े अश्रु गैस के गोल



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस पर एक ओर जमकर पथराव होता रहा, तो वहीं पुलिस ने भी अश्रु गैस के गोले दागे और भीड़ को तितर बितर करने का प्रयास किया। असमाजिक तत्वों के साथ पुलिस ने काफी देर तक दो-दो हाथ किए। आखिरकार पुलिस को अमन और शांति व्यवस्था की बहाली और बदमाशों के दबोचने में कामयाबी मिल ही गई। यह नजारा किसी फिल्म का या हकीकत का नहीं था, बल्कि यह नजारा पुलिस द्वारा की गई बलवा ड्रिल के दौरान नजर आया। बताया गया है कि आज दिनांक 01 दिसम्बर 2023 को पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड पर विधान सभा चुनाव-2023 की मतगणना एवं कानून व्यवस्था के परिपेक्ष्य में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। जिसमें पुलिस की 5 पार्टियां जैसे अश्रु गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, रिजर्व पार्टी बनाई गई थी। बलवाइयों द्वारा नारेबाजी करते हुए पुलिस पर पत्थर फेंके गए। जिसके पश्चात पुलिस द्वारा स्थिति नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम आवश्यक बल का प्रयोग किया गया। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी भापुसे द्वारा परेड पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में बलवा ड्रिल के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही बलवा ड्रिल अभ्यास करते समय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारी द्वारा बलवा ड्रिल में की गई गलतियों एवं आने वाली परेशानियो के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही उक्त गलतियों एवं परेशानियों के बारे में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर भविष्य में नियम बद्ध एवं प्रॉपर तरीके से बलवा ड्रिल करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर कैजुअल्टी रहित प्रभावी तरीके से बलवा आदि का नियंत्रण किया जा सके। बलवा परेड में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, सूबेदार उत्तम सिंह, टीकमगढ़ जिले के समस्त थानों के थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे मटेरियल सामग्री रखे होने से लगता है वाहनों का जाम




### राहगीर व आमजन होते हैं परेशान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** झांसी हाइवे मार्ग पर दिगौड़ा कस्बा के धामना तिगैला से स्टेट बैंक तक सड़क के एक किनारे मटेरियल सामग्री रखे होने के कारण दिन में कई बार वाहनों का जाम लग जाता है, जिससे वाहन चालकों सहित आमजन को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि दिगौड़ा कस्बे में नाली निर्माण का कार्य चल रहा है और साथ ही कुछ लोगों के मकान निर्माण का कार्य चल रहा है, जिससे निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली मटेरियल सामग्री को सड़क के बिल्कुल किनारे रखवा दिया गया है, जिससे सड़क की एक पटरी पर पूरी तरह अतिक्रमण युक्त हो चुकी है। जिसके कारण सड़क के एक तरफ से वाहन क्रॉसिंग नहीं कर पाते हैं, ऐसे में जैसे ही हाइवे सड़क पर दो वाहनों की क्रॉसिंग होती है तो आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों ने बताया है कि यह मटेरियल सामग्री पिछले कई दिनों से सड़क किनारे रखी हुई है जिससे वाहन चालकों व आमजन राहगीरों को परेशानी हो रही है।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के नेतृत्व में आज दिनांक 01 जनवरी 23 को खरगापुर थाना अंतर्गत कस्बा खरगापुर में पुलिस द्वारा प्रभावी फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे, रक्षित निरीक्षक विशाल मालवीय, थाना प्रभारी खरगापुर निरीक्षक मुकेश शाक्य, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मनीष कुमार, थाना प्रभारी बड़ागांव निरीक्षक त्रिवेंद्र त्रिवेदी, थाना प्रभारी बल्देवगढ़ निरीक्षक मनोज सोनी, थाना प्रभारी बुड़ेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन, सूबेदार उत्तम सिंह सहित टीकमगढ़ जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत शिक्षक को दी भावभीनी विदाई



**पलेरा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बन्ने बुजुर्ग अंतर्गत आने वाले गांव करई के शासकीय प्राथमिक पाठशाला में पदस्थ शिक्षक कन्हैयालाल यादव अपने पद से सेवा निवृत्त हो गए। शिक्षक कन्हैयालाल यादव के सेवानिवृत्ति पर विद्यालय के स्टॉफ द्वारा विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सेवा निवृत्त शिक्षक कन्हैयालाल यादव का सभी ने आत्मीय स्वागत किया तथा माँ सरस्वती का चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बन्ने बुजुर्ग के सरपंच प्रतिनिधि अंकित गुप्ता ने शिक्षक कन्हैया लाल यादव को लगनशील एवं कर्तव्यनिष्ठ, सहज एवं सरल शिक्षक बताया तथा कहा कि छात्रों और स्टॉफ को उनकी कमी महसूस होती रहेगी। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष तेज सिंह यादव, सचिव काशी प्रसाद यादव, रोजगार सहायक गोकुल यादव, रामचरण यादव, सीएसी कांता वाल्मीकि, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, महेश जयसवाल, बृजकिशोर यादव, ओमप्रकाश यादव, सीताराम यादव समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा अभिभावकजन व विद्यार्थी शामिल रहे।

# बारिश जारी 21.5 डिग्री पहुंचा दिन का पारा, 24 घंटे में बड़ागांव पलेरा में हुई 1 इंच से ज्यादा बारिश

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में मौसम में आए बदलाव से पिछले 36 घंटे से बादल छाए है और रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बीते 24 घंटे के दौरान जिले में 13.3 मिमी यानी आधा इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। बारिश और बादलों के चलते आज दिन के तापमान में साढ़े 4 डिग्री की कमी दर्ज की गई है। बारिश और हवाओं के कारण दिन में ठंड बढ़ गई है। शुक्रवार को सुबह से आसमान में बादलों के साथ चारों ओर धुंध छाई है। ठंड के सीजन का पहला मावठा पड़ने से लोगों को ज्यादा ठंड का एहसास हो रहा है। कृषि कॉलेज के मौसम परामर्श केंद्र के अनुसार आने वाले 36 घंटों में एक बार फिर बारिश की संभावना है। उसके बाद राहत हो सकती है। कृषि कॉलेज के मौसम परामर्श केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार आज दिन का तापमान 21.5 डिग्री रिकार्ड किया गया है, जबकि गुरुवार को दिन का तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं रात के तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गुरुवार को रात का तापमान 17 डिग्री रिकार्ड किया गया।



### जिले में कहां कितनी बारिश


जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान आधा इंच औसत बारिश रिकार्ड की गई है। भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्षामापी केंद्र टीकमगढ़ में 9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा बड़ागांव धसान में 26, बल्देवगढ़ में 3, खरगापुर में 5, जतारा में 4, मोहनगढ़ में 10, लिधौरा में 8 और पलेरा में 41 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई है।

### कलेक्टर ने किया मतगणना केन्द्र का निरीक्षण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज टीकमगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना के संबंध में की व्यवस्थाओं की विन्दुबार जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने ईवीएम एवं डाक मतपत्र गिनने के लिये लगाईं गई टेबल, स्ट्राँग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम पहुँचाने के लिये बनाए गए अलग-अलग कारिडोर, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, मतगणना परिसर में प्रवेश तथा मीडिया सेंटर सहित मतगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# भागवत कथा का समापन: राघव दास महाराज बोले, प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में दान करना चाहिए 5 वस्तुएं



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा के अंतिम दिन श्री अयोध्या धाम से पधारे महंत राघव दास महाराज ने श्री कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा के दौरान महाराज ने कहा कि सुदामा श्रीकृष्ण के बाल सखा थे। जब सुदामा अपने मित्र श्री कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी पहुंचे तो श्री कृष्ण ने उन्हें तीन मुट्ठी चावल के बदले तीन लोक देने का फैसला किया। रुक्मिणी इससे घबरा गई और श्री कृष्ण को रोकने का प्रयास किया। तब श्रीकृष्ण ने अपनी पत्नी रुक्मणी से कहा कि मित्रता में दो सखाओं के बीच बराबरी होना चाहिए। मेरे मित्र सुदामा के पास भी उतनी ही संपत्ति होनी चाहिए जितनी मेरे पास है। इसके बाद श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को धन और वैभव से संपन्न कर दिया। कथा के दौरान महाराज ने कई भक्ति गीत गा कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का आज समापन हो गया। कथा समापन के बाद मंदिर परिसर में कन्या भोज के साथ भंडारा शुरू किया गया है।

### प्रत्येक व्यक्ति को पांच वस्तुएं दान करना चाहिए

कथा में महंत राघव दास महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पांच वस्तुएं दान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन एक मुट्ठी अन्न दान में देना जरूरी है। इसके अलावा कन्यादान, गौ दान और सोने का दान अपने जीवन में करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कन्यादान अपने घर परिवार और रिश्तेदार की बेटी का नहीं, बल्कि किसी गरीब व्यक्ति की बेटी का कन्यादान लेना चाहिए।

# सरकारी कुआ धसकने से गांव के लोगो को हो रही 4 महीने से पानी की किल्लत



### तत्कालीन उपयंत्री संतोष कुमार साहू, सरपंच,सचिव देवेंद्र कुमार तिवारी की कमीशानखोरी की भेंट चढ़ गया, सार्वजनिक कुआ का निर्माण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ जनपद पंचायत के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत भानपुरा के बिपुरा गांव में तत्कालीन सरपंच, उपयंत्री संतोष कुमार साहू,सचिव देवेंद्र कुमार तिवारी की कमीशनखोरी के चलते सार्वजनिक कूप का निर्माण कार्य घटिया निर्माण कराने से धसक गया। इस बिपुरा गांव में वित्तीय वर्ष 2020-2021 में चार लाख रुपये की लागत से सार्वजनिक कूप का निर्माण स्वीकृत हुआ। इस घटिया कराने के पहले ही धराशायी हो गया। अब ग्रामीणों के लिए गांव में पेयजल का कोई स्त्रोत नहीं बचा है। मजबूरी में ग्रामीण खेतों में स्थित कुआ से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे है। करीब 600 लोगों की आबादी वाले इस छोटे से गांव में एक भी सरकारी हैण्डपम्प नहीं है।

### कुएं की दीवार गिरने से मलवा भर गया

कुएं की दीवार गिरने की वजह से कुआं मलबे में तब्दील हो गया। गांव के दयालु रैकवार का आरोप है कि घटिया सामग्री का इस्तेमाल करके कुएं का निर्माण किया गया था। जिसके चलते कुआं धाराशायी हुआ है। बलराम रैकवार ने बताया कि गांव से कुछ दूरी पर ही खेत है। ग्रामीण अब इन खेतों में बने कुओं से पानी ला रहे हैं।

### कुएं का हुआ घटिया निर्माण

तत्कालीन सरपंच, उपयंत्री, सचिव की कमीशनखोरी के चलते कुएं का निर्माण घटिया हुआ है। जबकि यह सार्वजनिक कूप बनाया गया था। इसके बावजूद अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। अब ऐसे में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

एई को जांच के लिए आज ही भेजकर दिखवाते हैं। जो भी स्थिति होगी उसकी जांच की जाएगी। ग्राम पंचायत के द्वारा अगर घटिया निर्माण कराया गया है तो संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई होगी।

**प्रभाषराज घनघोरिया**
**सीईओ जनपद, बल्देवगढ़**

कार्रवाई रही सिर्फ औपचारिकता, अवैध रेत उत्खनन फिर जारी

# खनिज अधिकारी का बड़ा कारनामा, पकड़ी मशीनों को खनिज माफिया के हवाले किया



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले की अजयगढ तहसील अन्तर्गत विभिन्न स्थानो पर वर्षो से मशीनो के द्वारा रेत का भारी उत्खनन किया जा रहा है। यह उत्खनन खनन माफियाओं तथा पन्ना जिले में पदस्थ खनिज अधिकारी रवी पटेल की सहमति से लगातार चल रहा था। जिसमे बीरा, फरस्वाहा, रामनई, चांदीपाठी, भीना, खरोनी सहित अनेक स्थानो पर रेत खनन को लेकर मीडिया द्वारा मामले को लगातार उठाया गया। जिसको लेकर सागर कमश्निर के निर्देश पर कलेक्टर पन्ना द्वारा खनिज अधिकारी से टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। लेकिन खनिज अधिकारी द्वारा पूर्व से ही खनन माफिआओं को सूचना कर दी गई थी। जिससे अनेक स्थानो से मशीने हटा ली गई थी। सिर्फ चांदीपाठी में पांच डम्फर तथा पांच पोकलेने मशीने प्रशासन की टीम को खनन करते हुए पकडी गई। लेकिन उक्त मशीने जिस खनिज माफिया के द्वारा अवैध उत्खनन में चलाई जा रही थी। उन्ही के सुपुर्द कर दी गई। जिससे खनिज अधिकारी तथा टीम द्वारा की गई कार्यवाही संदेह के घेरे में आ गई है। क्योकि कार्यवाही के छह घंटे बाद फिर से उन्ही स्थानो पर अवैध उत्खनन प्रारंभ हो गया है। आखिर जप्त की गई मशीने तथा डम्फर पुलिस के हवाले क्यो नही किया गया। इससे यह साबित होता है कि सारा अवैध रेत उत्खनन का कार्य खनिज अधिकारी की मिली भगत से ही चल रहा है तथा जो कार्यवाही की गई है। वह सिर्फ वरिष्ट अधिकारियो को दिखाने के लिए औपचारिकता की गई है। ज्ञात हो कि पन्ना जिले मे विगत एक वर्ष से बिना किसी नीलामी के रेत खदानो का संचालन हो रहा है। जिसमें रश्मित मल्होत्रा जो छतरपुर में खदान का ठेका लिए हुए है, उसके द्वारा तथा खनिज अधिकारी एवं खनिज माफियाओ के द्वारा मिलकर किया जा रहा है। इससे केन नदी का सीना छल्नी हो रहा है तथा शासन को करोडो रूपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# डाक मतपत्रों की गिनती के साथ होगी मतगणना की शुरूआत



**पन्ना, देशबन्धु।** रविवार 3 दिसंबर को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पन्ना में जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना विधानसभावार कक्षों से की जाएगी। मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डाक मतपत्रों की गिनती के साथ मतगणना की शुरूआत होगी। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। बगैर प्रवेश पत्र अंदर जाने की अनुमति नहीं रहेगी। मतगणना दल के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मतगणना का कार्य संपादित किया जाएगा। मतगणना की पारदर्शिता को बनाए रखने के लिये प्रत्येक मतगणना कक्ष में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। डाक मतपत्रों के लिए अलग-अलग विधानसभावार कुल 10 टेबल लगाई गई है। मतगणना को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारी कर्मचारी भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों का मोबाइल मीडिया सेंटर तक ले जाने की अनुमति होगी। पत्रकारों को समूहवार बारी-बारी से मतगणना कक्ष का अवलोकन कराया जाएगा। मतगणना कक्ष में मोबाइल के साथ प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा आयोग के निर्देशों के तहत किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, स्मार्ट वॉच इत्यादि लेकर जाना भी पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

सभी अधिकारी, कर्मचारियों, अभ्यर्थी व अभिकर्ता को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, कैमरा, कैल्कुलेटर, घड़ी एवं अन्य हैण्ड बैग, इंक पेन, पानी बॉटल, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, पान, आग्नेय अस्त्र.शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ तथा माचिस ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की चक्रवार मतगणना होगी। स्ट्रांग रूम सुबह 6.30 बजे अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं तथा प्रेक्षक की उपस्थिति में खोला जाएगा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने शुक्रवार को मतगणना स्थल पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया गया। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों से सुचारू रूप से मतगणना प्रक्रिया के संचालन के दृष्टिगत व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर जरूरी निर्देश भी दिए। साथ ही स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। इस दौरान एसडीएम अशोक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# विश्व एड्स दिवस पर कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**दमोह देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में प्राणी शास्त्री विभाग एवं रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस 2023 की थीम- समुदायों के नेतृत्व को प्रोत्साहित करना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गौरव जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक डॉ.पी.एल. जैन ने किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर गौरव जैन द्वारा एड्स रोग के लक्षण एवं एड्स के से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की तथा एड्स से संबंधित चिकित्सा एवं उपचार के लिए सहायक केंन्द्रो की जानकारी दी। प्रशासनिक अधिकारी डॉ.एन.पी. नायक द्वारा रेड रिबन के उद्देश्यों के अलावा एड्स से संक्रमित मरीज के साथ समाज के व्यवहार की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी एवं इसी क्रम में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणा एम जैन द्वारा एड्स की रोकथाम पर चर्चा की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य द्वारा छात्राओं को सुरक्षित स्वस्थ जीवन एवं लक्ष को साथ कर जीने के विभिन्न पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगोली, निबंध, स्लोगन एवं पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रणव मिश्रा के द्वारा किया गया तथा आभार श्रीमती सुरेखा बडोले द्वारा किया गया।उक्त कार्यक्रम में डॉ. आराधना श्रीवास, डॉ. अर्पणा गोस्वामी, डॉ. दीपक सैनी, डॉ. शिरीन खान, डॉ. आभा अग्रवाल, डॉ. दिनेश पटेल,कु. प्रिया थापा सहित महाविद्यालयीन स्टाफएवं छात्राएं उपस्थित रही।

# घर के पास बैठकर शराब पीने से मना करने पर मारपीट



**दमोह/हटा देशबन्धु।** गैसाबाद थाना क्षेत्र की खमरगौर गांव में घर के पास बैठकर शराब पीने से मना करने पर एक ही परिवार के तीन लोगों के साथ मारपीट होने का मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार गेंदा रानी पति जालम कुर्मी उम्र 45 वर्ष एवं अखिलेश पिता जालम कुर्मी उम्र 27 वर्ष एवं राकेश पिता जालम कुर्मी उम्र 24 वर्ष तीनों निवासी ग्राम खमरगौर ने गेसाबाद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि हमारे घर के पास बैठकर राजाराम कुर्मी, संतोष कुर्मी, चतर कुर्मी, विजय कुर्मी शराब पी रहे थे जिन्हें हमने घर के पास बैठकर शराब पीने से मना किया तो उन लोगों ने हम लोगों के साथ मारपीट कर दी वहीं के गेसाबाद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को हंड्रेड डायल वाहन की मदद से सिविल अस्पताल हटा पहुंचा जहां सभी का इलाज जारी है वहीं घटना की जांच शुरू की।

# वर्ष की अंतिम लोक अदालत 9 को मीडिया एवं पुलिस विभाग के साथ होगी



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 09 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ एक बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर दमोह के ए.डी.आर. भवन में आयोजित की गई ।

बैठक में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सचिव अम्बुज पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह संदीप मिश्रा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं सम्मानीय मीडियाजन उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डे ने 09 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बताया वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है, जिसमें आपसी राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया जायेगा। इसके साथ ही यह बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम निराकृत होने वाले प्रकरणों की कोई अपील नहीं होती इस प्रकार प्रकरण का अंतिम निराकरण हो जाता है। राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण होने से पक्षकारों के मध्य संबंध मधुर बने रहते है, उन्होने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरणों में प्रिसिटिंग के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु बीमा कंपनियों के साथ प्रिसिटिंग्स आयोजित की जाकर प्रकरणों की सहमति प्राप्त की जा रही है साथ ही उन्होंने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने का अनुरोध किया गया, साथ ही नेशनल लोक अदालत के नोटिस की समय पूर्व तामिली व लोक अदालत में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला न्यायालय के एडीआर भवन में विश्व एड्स दिवस के मौके पर एक सामाजिक संस्था के समन्वय से एड्स के प्रति जन जागरूकता के लिए विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा सामाजिक संस्था के माध्यम से जिले में एड्स जागरूकता के लिए संचालित कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही संस्था सदस्यों से प्राधिकरण के वॉलेंटियर्स के सहयोग से सुदूर ग्रामीण अंचल तक आम नागरिकों के मध्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और एड्स से बचाव व उपचार की जानकारी देने का आह्वान भी किया। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार ने संस्था के सभी कार्यकर्ताओं को नालसा सालसा की एड्स संबंधी सभी योजनाओं की जानकारी देकर जिले के स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर उक्त कार्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। संस्था के प्रमुख द्वारा जिले में एड्स के संबंध में चलाई जा रही सभी गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

# बाल विज्ञान कांग्रेस के चयनित विद्यार्थियों ने दिया ऑनलाइन प्रेजेंटेशन



**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिले के पांच जूनियर तथा सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने राज्य समन्वयक बाल विज्ञान कांग्रेस संध्या वर्मा एवं उनकी पैनल के समक्ष अपने शोध कार्य का प्रेजेंटेशन सी एम राइज विद्यालय दमोह में ऑनलाइन प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम सी एम राइज विद्यालय दमोह के छात्र जय विश्वकर्मा एवं आदित्य गुप्ता, सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह की छात्रा हेमलता विश्वकर्मा, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या दमोह की छात्रा जानवी पटेल तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलौन के छात्र शिवांश चौराहा ने अपने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये। इस दौरान मार्गदर्शी शिक्षकों में बहादुर सिंह ठाकुर, रजनी जाटव, मुकेश विश्वकर्मा एवं अशोक साहू विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। जिला समन्वयक मोहन राय ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का प्रजेंटेशन चयनित किया जाएगा, वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे।

## एक कदम जिंदगी की ओर आईसीटीसी की ओर बढ़ाएं एड्स का ज्ञान

दमोह/हटा देशबन्धु। जिला एड्स नियंत्रण समिति दमोह के तत्वाधान में सिविल अस्पताल हटा में डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह के निर्देशानुसार डॉ. अमन श्रीवास्तव सीबीएमओ हटा के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर को एड्स नियंत्रण इकाई के लैब टेक्नीशियन मनीष श्रीवास्तव एवं एड्स परामर्शदाता उदय दुबे द्वारा एड्स जन जागरूकता रैली आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से निकली गई। इसके साथ ही उप जेल के स्टाफतथा बंदियों के बीच एवं डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ एड्स रोग नियंत्रण तथा एड्स रोग की जानकारी डॉ. अमन श्रीवास्तव बीपीएम विक्रम सिंह मेहदेले, बुद्धन लाल तंतुवाय द्वारा साझा की गई। इस अवसर पर अरविंद कुमार नेमा,हरि शंकर साहू,राहुल साहू, लाखन सिंह, देवेंद्र ठाकुर श्रीमती अलका शिवहरे, श्रीमती उषा चक्रवर्ती, श्रीमती संगीता सालोमन आदि सिविल हॉस्पिटल स्टाफउपस्थित रहा।

# मातृ सत्ता अखंड दीप जन्म शताब्दी के लिए बैठक संपन्न



**दमोह/हटा देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में वर्ष 2026 में मातृसत्ता अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष के संदर्भ में गायत्री शक्तिपीठ हटा में एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें हटा तहसील की 18 पंचायतों में प्रज्ञापीठ तेवरईया एवं 39 पंचायतों में यात्रा की जिम्मेदारी हटा के परिजनों ने ली । जिला संयोजक पंडित बीपी गर्ग ने शताब्दी वर्ष 2026 तक दमोह जिले में 5 यज्ञ 24 कुंडीय 4 यज्ञ 51 कुंडीय 3 यज्ञ 108 कुंडीय एवं एक यज्ञ 1008 कुंडीय करने के लक्ष्य से सभी को अवगत कराया । पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने शताब्दी यात्रा की विस्तार से चर्चा की जिले की 433 ग्राम पंचायत में उपयात्रा निकालने की बात कही। इस अवसर पर डॉक्टर रूप सिंह राजपूत, हरगोविंद पटेल, बृजलाल पटेल एवं अरुण पटेल ने समयदान का संकल्प लिया । तहसील हटा के समन्वयक पंडित दिनेश दुबे ने बैठक के आयोजन का प्रयोजन बताया। यात्रा के रूट, समयदानी, ब्रह्मास्त्र अनुष्ठान के साधक तैयार करने की बात कही और उन्होंने युग निर्माण मिशन की सूत्र संचालिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के अवतरण की एवं 1926 से अनवरत प्रज्वलित अखंड दीप की महत्ता पर प्रकाश डाला । प्रज्ञापुत्र डॉक्टर सीएल नेमा ने तन मन धन से सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर हरिनारायण चौकरया पं. मदन गोपाल दुबे, हरिनारायण नेमा, पं. रामकिशोर दुबे ,राजाराम सींग लोधी आदि परिजन मौजूद रहे । हरिनारायण चौरसिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु नगरी का आयोजन




**दमोह देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर दमोह में शिशु नगरी का आयोजन किया गया। जिसमें उदघाटन सत्र में मुख्य आतिथ्य पुष्पा चिले एवं अध्यक्षता डॉ. प्रेमलता नीलम ने की एवं विशिष्ट अतिथि गिरिजा त्रिपाठी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजन-अर्चन एवं वंदन के द्वारा हुआ। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शिशुओं के द्वारा रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जहां एक ओर मातृशक्ति ने रंगोली, मेंहदीं, प्रश्नमंच, लौरी/लोकगीत/भजन प्रतियोगिताओं में बढ-चढ़कर हिस्सा लिया तो बच्चों के द्वारा जलेबी दौड, मेंढक दौंड, संतुलन आदि प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डा0 मनीषा सिघंई विशिष्ट अतिथि विवेक शेण्डेय, आदित्य चौरसिया एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डा0 सोनल राय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रदान किये। शिशु नगरी का आयोजन प्राचार्य ऋषभ कुमार जैन एवं सौ0 सीमा दुवे (शिशु विभाग प्रमुख) के निर्देशन में सभी आचार्य दीदीयों की सहभागिता एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

# मारपीट के आरोपियों को 2-2 वर्ष का कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** मारपीट के आरोपियो को न्यायालय द्वारा दो-दो वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया है। उक्त मामले में चार आरोपी शामिल थे, जिसमें एक की मृत्यु हो चुकी है तथा तीन को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त मामले में जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना इस प्रकार है, कि फरियादी फूलकुमारी ने थाना अमानगंज में उपस्थित होकर सूचना दी कि 17 अप्रैल 2017 को दिन करीब 12 बजे की बात है। पंचायत चुनाव की बुराई पर से उसके दरवाजे पर भगवत सिंह हाथ में गेती लिये आये व गोविंद सिंह हाथ में कुल्हाड़ी लिये राघवेन्द्र सिंह व महेन्द्र सिंह साथ में आयें और मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर बोले बाहर निकल तब उसने बाहर आकर कहा कि राजा हरो क्या हो गया है क्यों गाली दे रहे हो तब सभी लोग बोले कि बलवान सिंह को निकालो तथा भगत सिंह ने सिर में एक गेंती मारी खून बहने लगा था तथा उसकी पुत्री बबली सिंह को भी सभी लोगों ने लातघूसों से मारपीट की एवं गोविद सिंह ने कुल्हाड़ी की मूंद से पुत्री बबली सिंह को मारा जो बायें हाथ की कलाई में चोटें आयी थी। मौके पर उसके देवरानी एवं अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। फरियादी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना अमानगंज में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय शिवराज सिंह गवली, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करते हुए ऋषिकांत द्विवेदी, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराया, न्यायालय के समक्ष आरोपीगण भगवत सिंह गोविंद सिंह राघवेन्द्र सिंह सभी निवासी ग्राम पवईया थाना अमानगंज जिला पन्ना को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम श्रेणी का होने के कारण कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगण भगवत सिंह, गोविंद सिंह, राघवेन्द्र सिंह सभी निवासी ग्राम पवईया थाना अमानगंज जिला पन्ना को क्रमशः धारा 324/34 भादसं में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए के अर्थदंड एवं धारा 325/34 भादसं में 2-2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गिरफ्तार





**बीना, देशबन्धु।** जीआरपी को एक बड़ी सफलता मिली है। बीना मालखेड़ी रेलवे स्टेशन से निकलने वाली दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन में लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देने की घटना के 18 दिनों के बाद खुलासा किया। आरोपी से जेवरात, लेपटॉप, आईफोन, नगदी सहित 11 लाख 10 हजार रुपए का माल जब्त किया है। बीना जीआरपी थाना प्रभारी एमपी ठक्कर ने बताया कि 13 नवंबर को शेख अमीर सोहेल पिता रियाज उद्दीन 30 निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अगनपुर जगदलपुर जिला बस्तर, जो दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस के कोच बी.6 में अपने परिवार के साथ रायपुर से अजमेर की यात्रा कर रहे थे। इसके बैग में 2 सोने के हार, 2 सोने की चैन, 4 सोने की चूड़ी, 5 अंगूठी, 3 जोड़ी कीमत 7 लाख रुपए अज्ञात चोर ने चोरी कर लिए थे। वहीं 12 अक्टूबर को राजाबाबू अहिरवार भोपाल जाने के लिए अपनी पत्नी पूजा अहिरवार के साथ रेलवे स्टेशन आया था, जिसकी पत्नी स्टेशन पर अपना बैग भूल गई थी। इसके अलावा 17 नवंबर को प्रवीण कुमार मेहता जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस में कोटा से भोपाल की यात्रा अपने परिवार के साथ कर रहा था, जिसकी पत्नी अंजलि नरवरे का लेडीज पर्स भी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया था। सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके आधार पर आरोपी राजेश कुमार पिता रमेशचंद्र जाट 29 निवासी धानक थाना नौशेरा जिला राजौरी जम्मू कश्मीर को गिरफ्तार कर 8 लाख 65 हजार का सामान जब्त किया। इसके अलावा अन्य मामलों में 2 लाख 45 हजार सहित कुल 11 लाख 10 हजार का माल जब्त किया। आरोपी के खिलाफ जीआरपी थाना गुना, सागर एवं थाना नौशेरा जिला राजौरी जम्मू कश्मीर में चोरी, मारपीट, ग्रहभेदन जैसे गंभीर अपराधों में मामले दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार कर जीआरपी ने न्यायालय में पेश किया है। बीना जीआरपी थाना प्रभारी एमपी ठक्कर ने बताया कि शातिर आरोपी से सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि कुछ जेवरात उसके पास ट्राली बैग में रखे हुए हैं। कुछ जेवरात को उसने दमोह रेलवे स्टेशन के पास अप रेलवे ट्रैक के किनारे रेलवे फाटक के आगे जमीन में खोदे गए गड्ढे में उनको गड़ा रखा है। जेवरात को बरामद करने संबंधी मेमोरेंडम देने पर आरोपी का मेमोरेंडम तैयार किया। दमोह रेलवे स्टेशन के पास पहुंचकर माल बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार करने में डीएसपी सनम बी खान, थाना प्रभारी एमपी ठक्कर, एसएसपी मूलचंद, प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह, खिलान सिंह, राकेश नरवरिया, आरक्षक जितेंद्र सिंह, सचिन श्रीवास्तव, रामशंकर लोवंशी, सौरभ श्रीवास्तव, सतीश मौर्य, क्राइम सेल से ब्रजेंद्र कौशिक के अलावा एसएसपी नरेंद्र रावत, एसएसपी ब्रजेश शर्मा, साइबर सेल से आरक्षक शैलेंद्र की अहम भूमिका रही।

# मतगणना की सभी तैयारियां पूरी, डाक मतपत्रों की गिनती के साथ होगी मतगणना की शुरूवात

## त्रिस्तरीय रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, बगैर प्रवेश पत्र नहीं मिलेगा प्रवेश, मोबाइल, कैमरा रहेंगे पूर्णतः प्रतिबंधित

**सागर, देशबन्धु।** कल 3 दिसंबर को इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कालेज में जिले के आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना विधानसभा बार 8 कक्षों से की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि मतगणना की सभी तैयारियों पूरी कर ली गई है। डाक मतपत्रों की गिनती के साथ मतगणना की शुरूवात होगी। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। बगैर प्रवेश पत्र अंदर जाने की अनुमति नहीं रहेगी। जिले में 200 अधिकारी एवं 800 कर्मचारी मतगणना का कार्य संपादित करेगें। मतगणना की पारदर्शिता को बनाये रखने के लिये प्रत्येक मतगणना कक्ष में 04-04 एवं 12 अन्य सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। डाक मतपत्रों के लिये अलग-अलग विधानसभावार कुल 20 टेबल लगाई गई है। मतगणना को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिये 500 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी सुरक्षा में तैनात रहेगे। मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है। जिसमें मीडिया के साथियों का मोबाईल मीडिया सेंटर तक ले जाने की अनुमति होगी। मीडिया साथियों को मतगणना कक्ष तक ले जाने के लिये जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा टोलियों में मतगणना कक्ष में बनाई गई पीली पट्टी तक ले जाया सकेगा। आयोग के निर्देशों के तहत मीडिया के साथी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाईस मोबाईल, कैमरा, घड़ी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। मीडिया के साथियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की पार्किंग इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टेडियम में बनाई गई है। इसी प्रकार अभ्यार्थियों एवं अभिकर्ताओं की पार्किंग भी अलग से बनाई गई है। जहां से उनको संबंधित विधानसभा के मतगणना कक्ष तक प्रवेश दिया जायेगा। सभी अधिकारी, कर्मचारी, अभ्यर्थी, अभिकर्ता किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाईस मोबाईल, कैमरा, कैल्कुलेटर, घड़ी एवं अन्य हैण्ड बैग, इंक पेन, पानी बॉटल, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, पान, आग्नेय अस्त्र शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ तथा माचिस ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की चक्रवार मतगणना होगी। स्ट्रांगरूम प्रातः 7 बजे अभ्यर्थियों अभिकर्ताओ, प्रेक्षक की उपस्थिति में खोला जायेगा। मतगणना स्थल पर धारा 144 लागू है। जिसके तहत 200 मीटर की परिधि में जुलूस प्रदर्शन, पटाखा, बाजा, नारेबाजी, पुतला दहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना स्थल तक पहुंचने के लिये सागर-.जबलपुर मुख्य मार्ग पर स्थित मुख्य गेट से केवल कार्डधारियों को प्रवेश दिया जायेगा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मतगणना स्थल परा बगैर प्रवेश पत्र पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी 4 पहिया वाहन चालक का प्रवेश पत्र नहीं है तो उसको भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी एवं गणना अभिकर्ताओं को विधानसभावार अलग-अलग रंग के प्रवेश पत्र जारी किये गये है। इसी के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

# विद्यार्थियों को संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार व कर्तव्यों को पढ़ना चाहिए: डॉ. सिद्दीकी



**सागर, देशबन्धु।** शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में अजीम प्रेमजी फाउडेंशन द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संवेधानिक मूल्यों का महत्व विषय पर वार्ता का आयोजन डॉ. संजीव दुबे प्राचार्य के निर्देशन एवं डॉ. मधु स्थापक के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें कालेज के करीब 250 विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के शुरूवात में प्रेमजी फाउडेंशन द्वारा तुम्हें ढोना है समय का भार थोड़ी सी चाल तेज करों चेतना गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयक कर रही डॉ. इमराना सिद्दीकी प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि हमे अपने छह मौलिक अधिकारो के साथ ग्यारह मौलिक कर्तव्यों की भी जानकारी होना चाहिए। डॉ. अमर कुमार जैन से बताया कि 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान अगीकृत किया गया था जो 26 जनवरी 1950 में सम्पूर्ण देश में लागू हुआ। यह संयोग है कि महान कानूनविद डॉ. हरीसिंह गौर का जन्मदिन और संविधान दिवस 26 नवम्बर को ही होता हैं। विद्यार्थियों ने प्रश्नमंच और संवैधानिक मूल्यों से जुड़े प्रश्नों एवं वीडियों के माध्यम से संविधान और उससे जुड़े विषयों पर अपनी राय रखी। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से संविधानसभा में संम्मिलित महिलाओं, प्रारूप समिति के सदस्यों, स्वतंत्रता सैनानियों और संविधान की उद्देशिका में वर्णित मूल्यों को प्रदर्शित करते हुए पोस्टर भी देखे। कार्यक्रम के समापन में सभी विद्यार्थियों ने लिखित रूप में संविधान को लेकर अपने विचार लिखे। कार्यक्रम में अजीमजी प्रेमजी फाउडेंशन के सदस्यों के अतिरिक्त डॉ. संगीता मुखर्जी, डॉ. संगीता कुंभारे, डॉ. भरत शुक्ला, डॉ. शैलेन्द्र राजपूत, डॉ. स्वदीप श्रीवास्तव, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. शालिनी सिंह, राकेश सैनी, प्रमोद सेन, अरविंद यादव, प्रवीण पाण्डेय उपस्थित थे।

# लायंस क्लब द्वारा साइकिल रैली का स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** कारगिल विजय की 25 वीं वर्षगांठ सिल्वर जुबली पर हैदराबाद साइकिलिंग ग्रुप द्वारा कारगिल वार्म मेमोरियल लेह से शुरू हुई साइकिल रैली का शुक्रवार को 1500 किमी दूरी तय कर सागर आगमन हुआ। टीम के प्रमुख रविंद्र नंदनूरी ने बताया कि 21 नवंबर 2023 से कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3800 किमी के लिए 15 साइकिलो पर सवार ये युवा प्रतिदिन 200 किलोमीटर साइकिल चलाकर 21 दिन के कम समय में अपना लक्ष्य पूरा करने भारत भ्रमण पर निकले इस ग्रुप में भारतीय थलसेना का रिप्रेजेंट करते हुए लेह स्तिथ कोर ऑफ ईएमई के 7014 बटालियन के जवान राहुल कसना के साथ 2 महिला 1 बच्चा हैदराबाद के व्यापारी भाई डॉक्टर एवं इंजीनियर सहित 19 लोग शामिल है। हैदराबाद के प्रवीण गोयल ने बताया कि हमारा उद्देश साइकिलिंग को बढ़ावा एवं पर्यावरण सुरक्षा और फिटनिश के प्रति लोगो को जागरूक करना है। यह टीम 11 दिसम्बर को कन्याकुमारी पहुंचकर कारगिल गौरव दिवस जश्न मनाएगी। इनके स्वागत के लिए विदिशा से आये लायंस क्लब के अजय साहू, रोचक साहू, योगेश एवं लायंस आफ सागर से एमके जैन, सुनील सागर, मनीष नायक, सुष्मिता ठाकुर, अंजू अजमानी सहित बड़ी संख्या में लायन साथी उपस्थित थे।

# पूर्व एनसीसी छात्रो की हुई बैठक



**सागर, देशबन्धु।** विगत दिनों एनसीसी के पूर्व छात्रों की द्वितीय बैठक वीनू राणा एड. पूर्व एनसीसी छात्र की अध्यक्षता में हुई जिसमें एनसीसी के पूर्व छात्रों ने भाग लिया, जिसमें विशेष अतिथि के रूप में डॉ. विवेक विक्कू तिवारी, डॉ. दीपक सिंह, इंजी. अंकुर सिंह लोधी शामिल हुए। जिसमें वीनू राणा ने सभी का मार्गदर्शन किया और सभी छात्रों ने एनसीसी एलयूमिनी सागर एमपी नाम से संगठन का प्रस्ताव रखा। डॉ. दीपक सिंह ने सभी छात्रों को मोटिवेशनल लेक्चर दिए, डॉ. विवेक तिवारी असिस्टेंट प्रोफेसर यूटीडी सागर ने सभी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इंजी. अंकुर सिंह लोधी ने छात्रों को शतरंज के बारे में बताया। वीनू राणा ने छात्रों को एनसीसी वी और सी प्रमाण पत्र की उपयोगिता के बारे में बताया सलिल चौधरी पूर्व एनसीसी छात्र ने 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस पर बैठक रखने का प्रस्ताव रखा जिस पर सभी छात्रों ने अपनी सहमति व्यक्त की। अमर सिंह प्रजापति पूर्व एनसीसी छात्र सागर ने सभी का आभार माना।

## कल शुष्क दिवस घोषित

**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य द्वारा कल 3 दिसम्बर को मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार शुष्क दिवस में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल.3 होटल बार एवं जिले में स्थित देशी मद्य भंडागृह से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# मतगणना स्थल के लिए यातायात एंव पार्किंग प्लान

**सागर, देशबन्धु।** इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कालेज में होने वाली मतगणना में ड्यूटी हेतु आने वाले शासकीय अधिकारी कर्मचारी तथा प्रत्याशी एवं मतगणना अभिकर्ता अपने वाहन सहित कालेज के मेन गेट जलसा होटल के सामने से प्रवेश करेगे। प्रवेश का समय शासकीय अधिकारी कर्मचारी हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्धारित किया गया है। प्रत्याशी एंव अभिकर्ता प्रातः 6.30 बजे के बाद से रिटर्निंग आफीसर द्वारा जारी आई कार्ड को मेन गेट पर दिखाकर प्रवेश पा सकेगे। शासकीय कर्मचारियो के वाहनो की पार्किंग व्यवस्था इंजीनियरिंग कालेज के स्टेडियम में तथा प्रत्याशी एवं अभिकर्ताओं के वाहनो की पार्किंग व्यवस्था सागर, नरयावली, बंडा, देवरी के मतगणना हाल प्रवेश द्वार के समीप स्थित मैदान पर की गई है।

# बकाया संपत्तिकर एवं जलकर के अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लें: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में शासन के निर्देशानुसार निगम के बकाया संपत्ति कर एवं जलकर के अधिभार में छूट प्रदान की जा रही है, इसलिए नगर निगम के समस्त बकायादार अपना बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा कर दी जा रही विशेष छूट का लाभ लेने की अपील की है। बकाया संपत्ति कर के प्रकरणों में दी जा रही छूट इस प्रकार है संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि पचास हजार तक बकाया है, उनके अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक है उनके अधिभार मे 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। संपत्ति कर के जिन प्रकरणो में कर तथा अधिभार की राशि एक लाख से अधिक बकाया है, उनके अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। जलकर के प्रकरणों में दी जा रही छूट इस प्रकार है जलकर उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमे जलकर एवं अधिभार की राशि दस हजार तक बकाया है उनके अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमे जलकर उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि दस हजार से अधिक तथा पचास हजार तक बकाया है, उनके अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमे जलकर उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि पचास हजार से अधिक बकाया है उनके अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अधिभार में दी जाने वाली यह छूट केवल 9 दिसंबर नेशनल लोक अदालत के दिन ही जमा करने पर दी जा रही है।

# 10 दिन में पूर्ण करें पीलीकोठी से डिंपल पेट्रोल पंप तक की स्मार्ट रोड: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों और ठेकेदार के साथ पीलीकोठी से डिंपल पम्प तक की 1450 मीटर लंबाई की सड़क का निरीक्षण किया और कार्य को 15 दिन के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए, उन्होंने ठेकेदार को कड़े शब्दों में कहा कि जब हम सड़क ब्लॉक करते हैं तो अनिवार्य रूप से डाइवर्जन के लिए साइनऐज लगाए है और अप्रोच रोड को व्यवस्थित किया जाए ताकि पब्लिक को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने सड़क पर स्ट्रीट लाइट के लिए भी संबंधित ठेकेदार को पोल और लाइट इंस्टॉल करने के निर्देश दिए। इसमें दोनो जंक्शन का कार्य चल रहा है इसे अविलंब पूर्ण करने एवं सेंटर मेडियन, कैरिज वे आदि के कार्य को भी अविलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# पुण्य योग से प्राप्त धन एवं स्वस्थ शरीर का उपयोग धार्मिक कार्यों में करें: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** यदि पाप कर्म के उदय से तुम्हारा समय खराब चल रहा हो तो शांतिपूर्वक अपना समय धार्मिक कार्यों में लगाओ, किसी से उलाहना नहीं, बर्दाश्त करें, तो वह पाप कर्म चला जावेगा यह बात मुनिश्री सुदत्त सागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा आज तुम्हें जो धन, संपदा, स्वस्थ शरीर पुण्य योग से प्राप्त हुआ है तो इसका उपयोग धार्मिक कार्यों में, दान पुण्य, त्याग, सेवा, व्रत के पालन में करते चले जाएं अन्यथा यह फिर से मिलने वाला नहीं है। अपना कार्य स्वयं करो दूसरों पर निर्भर मत रहो। समाज का कोई भी व्यक्ति किसी भी परिस्थिति का मारा क्यों ना हो उसे संभालना, समझाना और सहारा देना यही सम्यक दर्शन का समाजशास्त्र है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा तुम्हारा सारा सुख दुख कर्म के अधीन है, संसारी प्राणी संकट में कार्य की पूर्ति के लिए चमत्कार को देखकर जल्दी नमस्कार करता है। आशा और प्रलोभन की पूर्ति जहां होती है वहां बार-बार जाता है और ऐसे ही क्षणों में उसे सजग और सावधान रहने की जरूरत है, कर्मकांडों पर नहीं कर्म सिद्धांत पर विश्वास करो। कर्म सिद्धांत साहस, समता, विश्वास और धीरज बढ़ाता है और कर्मानुसार ही सबको फल मिलता है। घबराओ मत महापुरुषों के जीवन में भी संकट आए हैं। राम सीता, अंजना, पांडव आदि के उदाहरण से ग्रंथ भरे पड़े हैं, साहस रखें। सकल दिगंबर जैन समाज राजा बिलहरा ने मुनि संघ के चरणों में श्रीफल भेंट कर शीतकालीन वाचन के लिए निवेदन किया।

## इस वर्ष पुनः होगा सागर शहर गुलाबमय

# बडे धूमधाम से होगा श्रीगुलाब बाबा मंदिर के 16 वें वार्षिक उत्सव का शुभारंभ



**सागर, देशबन्धु।** हिदु सनातनी धर्म परमपंरा के अनुसार बुंदेलखण्ड के अति भव्य एवं सुंदर मंदिरों में से एक एवं देश भर के श्री गुलाब बाबा भक्तों के श्रृद्धा का केन्द्र श्री गुलाब बाबा मंदिर के 16 वें वार्षिक उत्सव का शुभांरभ 29 नवम्बर को नरसिंहगढ दमोह से हर वर्ष की तरह 111 किलोमीटर के पैदल-पैदल एवं वाहनों द्वारा आई श्री गुलाब बाबा चरण पादुका पालिकी रथयात्रा के बहेरिया तिगड्डा से आज सुबह 10:30 बजे विशाल शोभायात्रा के रूप में मकरोनिया, सिविल लाइन, गोपालगंज, संजय ड्राइव होती हुई श्री गुलाब बाबा मंदिर आयेगी। ज्ञात हो कि लगभग 7 एकड़ क्षेत्र में निर्मित श्री गुलाब बाबा मंदिर परिसर के अंदर अति भव्य, अत्यंत सुंदर, पारम्परिक पच्चीकारी से युक्त, मकराना, वंशी धौलपुर राजस्थान के लाल एवं सफेद पत्थरों से निर्मित एवं अंदर कॉच के आकर्षक कारीगरी से 16 देवी देवताओं के मंदिर एवं अभी आये अति विशाल काले पत्थर के निर्मित शिवलिंग-नंदी अपने आप में चमत्कारिक है। श्री गुलाब बाबा मंदिर को वार्षिक उत्सव हेतु इस वर्ष अत्याधुनिक विद्युत सजावट, फूलों से सजाया गया है। मंदिर के अध्यक्ष डॉ. भरत आनंद वाखले ने बताया कि इस वर्ष महाराष्ट्र से करीब 2000 भक्त आ रहे है बाकी आंध्रप्रदेश, यूपी, दिल्ली, छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण बुंदेलखण्ड के भक्त शामिल होगें, जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट के साथ लगभग 100 भक्तों की टीम सभी व्यवस्थायें संभाल रही है, साथ ही प्रतिदिन के भंडारे के साथ 5 दिसम्बर के विशाल महाप्रसादी के साथ हजारों लोगों के लिए भंडारे के निर्माण हेतु करीब 30 रसाइयों को महाराष्ट्र से बुलाया है। मंदिर व्यवस्थापक सहयोगी प्रमेद्र (गोलू) रिछारिया ने बताया कि इस वर्ष 2 दिसम्बर की चरण पादुका पालिकी रथ यात्रा के मंदिर में आगमन एवं विराजमान पश्चात् 3 दिसम्बर को दिन में लड़कियों, महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता पश्चात् स्वर तरंग सागर रिकार्ड आफ सागर कार्यक्रम में सागर शहर के समस्त सुगम संगीत गायकों वादकों द्वारा मंच से एक घंटे की लाईव प्रस्तुत एवं रात्रि में रागनी श्रीवास्तव व्याख्याता कत्थक नृत्य, जयश्री लुखे, शास्त्रीय गायन विशेषज्ञ, कृष्ण कुमार कटारे शास्त्रीय संगीतज्ञ, आरोही श्रीवास्तव शास्त्रीय नृत्य निर्देशक के मार्गदर्शन में शास्त्रीय गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 4 दिसम्बर को हर वर्ष की तरह मंदिर का वार्षिक उत्सव की सागर नगर में श्री गुलाब बाबा चरण पादुका पालिकी रथयात्रा शोभायात्रा अपने पारंम्परिक मार्ग से निकलेगी जिसमें अखाड़ा रामदल, लड़कियों की लेझम दल, झांकिया, ग्रामीण भजन मंडलिया, नृत्यकार आदि के साथ देशभर के भक्तों का काफिला होगा, शोभायात्रा का हर वर्ष की तरह नगर में स्वागत सत्कार होगा एवं रात्रि में प्रसिद्ध भजन गायक अरूणमणि त्रिपाठी जूनियर लखबा की झांकीमयी भजन संध्या मंदिर परिसर के अंदर होगी। उत्सव के अंतिम दिवस 5 दिसम्बर को महाप्रसादी का विशाल आयोजन होगा एवं विनोद अग्रवाल के साथी वृंदावन धाम के धीरज बावरा मेरो प्राण धन राधारानी फेम की भजन संध्या पश्चात् अर्द्धरात्रि में श्री गुलाब बाबा चरण पादुका पालिकी को मंदिर परिसर के श्री गुलाब पीठ से श्री गुलाब बाबा-राधाकृष्ण मंदिर लाया जावेगा, जहां आरती पश्चात् वार्षिक उत्सव का समापन अतिशबाजी से होगा।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।